RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 225 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 2 जून 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर

### कोरोना की चपेट में आईं सोनिया गांधी, बैठक में शामिल कई नेता भी संक्रमित

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी कोरोना संक्रमित हो गई हैं। उनके अलावा बैठक में आए कुछ नेता भी संक्रमण के शिकार हो गए हैं।एएनआई से बात करते हुए सुरजेवाला ने बताया कि सोनिया गांधी को कल (बुधवार) शाम को हल्का बुखार आया था, इसके बाद हुए उनकी जांच की गई तो वह कोरोना संक्रमित पाई गईं। सुरजेवाला ने कहा कि सोनिया गांधी पिछले एक सप्ताह में बहुत सारे नेताओं, कार्यकर्ताओं से मिलीं जिसके कारण उन्हें संक्रमण हो गया। सुरजेवाला ने बताया कि सोनिया गांधी ने खुद को आइसोलेट कर लिया है। उन्होंने उनके संपर्क में आए सभी नेताओं से जांच कराने की अपील की है। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। वह जल्द ही स्वस्थ हो जाएंगी। बता दें कि 8 जून को सोनिया गांधी को प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश भी होना है। हालांकि, सुरजेवाला ने कहा है कि सोनिया गांधी ने विशेष तौर पर उन्हें कहा है कि वह 8 जून को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के समक्ष अवश्य पेश होंगी।

### आतंकियों ने की एक और हिंदू की हत्या, बैंक अधिकारी को मारी गोली

**जम्मू ( एजेंसी )।** कश्मीर घाटी में लक्षित हत्याओं का सिलसिला जारी है। यहां लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। कुलगाम जिले में गुरुवार को एक बार फिर से आतंकियों ने दूसरे राज्य से संबंध रखने वाले एक बैंककर्मी पर हमला कर दिया है। गोली लगने से बैंक मैनेजर घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे पहले मंगलवार को ही आतंकियों ने कुलगाम में हिंदू महिला शिक्षक की गोली मारकर हत्या की थी। जानकारी के अनुसार, कुलगाम के मोहनपोरा में इलाकी देहाती बैंक में तैनात बैंक प्रबंधक की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि इलाकाही देहाती बैंक के एक बैंक मैनेजर को आतंकवादियों ने उस समय गोली मार दी, जब वह कुलगाम में आरेह मोहनपोरा शाखा में ड्यूटी पर था।

#### मिशन-2023 से पहले कांग्रेस की तैयारी, उदयपुर के संकल्पों को लागू करने चिंतन

# संगठन की मजबूती पर मंथन

**रायपुर ( एजेंसी )।** राजस्थान के उदयपुर में नव संकल्प शिविर में लिए गए निर्णयों को अमलीजामा पहनाने छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस चिंतन शिविर कर रही है। चिंतन के पहले दिन राहुल गांधी को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। गुरुवार को नव चिंतन शिविर का दूसरा दिन है। चिंतन शिविर को छत्तीसगढ़ में अलगे साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के हिसाब से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सबसे मजबूत सरकार है। मिशन-2023 में सफलता हासिल करने कांग्रेस रणनीति तैयार कर रही है। संगठन को मजबूत करने पार्टी युवाओं पर फोकस कर रही है।

रायपुर के कमल विहार स्थित माहेश्वरी भवन में चल रहे 2 दिवसीय नव संकल्प शिविर उदयपुर चिंतन शिविर में लिए गए निर्णयों की एक-एक बिंदुओं पर मंथन जारी है। संकल्प शिविर में कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया, सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, कैबिनेट

मंत्री, सांसद, विधायक, पीसीसी के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, निगम-मंडल के अध्यक्ष, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित कांग्रेस के 250 से ज्यादा नेता शामिल हो रहे हैं। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्णयों को जमीनी स्तर पर लागू करने मंथन किया जा रहा है।

उदयपुर के नव संकल्प चिंतन शिविर में कांग्रेस के आला नेताओं ने विचार-मंथन कर संगठन को मजबूत करने, लोगों से जुड़ने, केंद्र की सरकार की विफलताओं को उजागर करने, आंदोलन और संगठनात्मक सुधारों पर फोकस किया था। पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कहा कि राजस्थान के उदयपुर शिविर में जो संकल्प पारित हुए हैं, उन पर चर्चा शुरू हो गई है। चिंतन शिविर में सत्ता और संगठन में बेहतर तालमेल, संगठन का विस्तार, जिला स्तरीय पदयात्रा, आजादी की 75वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम, संगठन के रिक्त पदों पर नियुक्तियां, युवाओं को संगठन से जोड़ने जैसे मुद्दों पर चर्चा हो रही है।

### उदयपुर संकल्पों को आत्मसात करने चिंतन

एआईसीसी के राजस्थान में हुए चिंतन शिविर के पारित संकल्पों को कांग्रेस जमीनी स्तर पर लागू करने जा रही है। सीएम भूपेश बघेल ने एक दिन पहले वीडियो संदेश जारी कर कहा कि उदयपुर शिविर से निकले संकल्पों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उदयपुर संकल्प के रूप में स्वीकार किया है। उन सभी संकल्पों को आत्मसात करने के उद्देश्य से नवसंकल्प शिविर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया गया है। दो दिवसीय इस शिविर में उदयपुर घोषणा से उठाए गए बिंदुओं की सही तरीके से क्रियान्वित करने पर मंत्रणा की जाएगी। शिविर में जिला स्तर के शिविरों का एजेंडा भी तय किए जाएंगे।

#### जेसीसीजे के उम्मीदवार का नामांकन खारिज

# राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन का निर्विरोध चुना जाना तय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीटों के लिए हो रहे चुनाव में पूर्व विधायक और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के उम्मीदवार डॉक्टर हरिदास भारद्वाज का नामांकन बुधवार को खारिज कर दिया गया, जिससे कांग्रेस के राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन के निर्विरोध चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो गया क्योंकि कोई अन्य उम्मीदवार मैदान में नहीं है।

विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने बताया, 'भारद्वाज का नामांकन जांच के बाद रद्द कर दिया गया।' शर्मा ने बताया, 'भारद्वाज का नामांकन पत्र प्रस्तावकों के मानदंडों को पूरा नहीं करता है। विधानसभा के केवल तीन सदस्यों ने उनके नामांकन पत्र में प्रस्तावक के रूप में हस्ताक्षर किए थे। जबकि नियमों के अनुसार उम्मीदवारों के नामांकन पत्र में कुल संख्या के 10 प्रतिशत या सदन के कम से कम 10 सदस्यों द्वारा प्रस्तावित किया जाना चाहिए।' उन्होंने बताया कि कांग्रेस के दो उम्मीदवारों राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन के नामांकन वैध पाए गए हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तारीख तीन जून को अपराह्न तीन बजे तक है। भारद्वाज का नामांकन खारिज होने के बाद कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि को औपचारिक रूप से परिणाम घोषित किए जाएंगे क्योंकि अब मतदान की आवश्यकता नहीं होगी।

राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा में अपनी कम ताकत को देखते हुए राज्यसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है। राज्य में इस माह रिक्त हो रही राज्यसभा की दो सीटों के लिए सत्ताधारी दल कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला और पूर्व लोकसभा सांसद रंजीत रंजन को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## सीआरपीएफ में जनजातीय युवाओं की भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता में छूट, छत्तीसगढ़ के तीन जिलों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली/रायपुर ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कांस्टेबल के रूप में मूल जनजातीय युवाओं की भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता में छूट देने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसका लाभ छत्तीसगढ़ के सुदूर बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के युवाओं को होगा।

जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय ने दक्षिण छत्तीसगढ़ के तीन जिलों बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा से सीआरपीएफ में कांस्टेबल (सामान्य सेवा) के रूप में ऐसे 400 उम्मीदवारों की भर्ती के लिए जरूरी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में छूट देकर इसे 10वीं कक्षा पास से 8वीं कक्षा पास करने का प्रस्ताव किया था।

बयान के अनुसार, इसके अलावा इन तीन सुदूर जिलों में ऐसी भर्ती रैलियों के बारे में स्थानीय समाचारपत्र में विज्ञापन सहित व्यापक प्रचार के लिए अन्य माध्यम अपनाने पर जोर दिया गया है।

## देश में कुल बेरोजगारी दर 7.1 प्रतिशत रही, छत्तीसगढ़ फिर बना सिरमौर

- **देश में सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्य का दर्जा बरकरार, मई माह में छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर मात्र 0.7 प्रतिशत**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ एक बार फिर अव्वल रहा है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) द्वारा जारी नये आंकड़ों के अनुसार मई माह में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर मात्र 0.7 प्रतिशत रही, जबकि इसी अवधि में देश में बेरोजगारी दर 7.1 प्रतिशत थी। इससे पहले मार्च, अप्रैल 2022 में भी छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर देश में सबसे कम 0.6 प्रतिशत थी।

सीएमआई के नये आंकड़ों के मुताबिक देश के कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में मध्यप्रदेश 1.6 प्रतिशत, गुजरात 2.1 प्रतिशत, ओडिशा 2.6 प्रतिशत, उत्तराखंड 2.9 प्रतिशत, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश 3.1 प्रतिशत, महाराष्ट्र और मेघालय 4.1 प्रतिशत, कर्नाटक 4.3 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश 4.4 प्रतिशत, पाडुचेरी 5.6 प्रतिशत, केरल 5.8 प्रतिशत शामिल है।

देश में सबसे अधिक बेरोजगारी दर हरियाणा में 24.6 प्रतिशत, राजस्थान में 22.2 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 18.3 प्रतिशत, त्रिपुरा में 17.4 प्रतिशत, दिल्ली में 13.6 प्रतिशत, गोवा में 13.4 प्रतिशत, बिहार में 13.3 प्रतिशत, झारखंड में 13.1 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश में 9.6 प्रतिशत, तेलंगाना में 9.4 प्रतिशत, पंजाब में 9.2 प्रतिशत, असम में 8.2 प्रतिशत तथा सिक्किम में 7.5 प्रतिशत दर्ज की गई।

साढ़े तीन साल पहले छत्तीसगढ़ में नयी सरकार बनने के बाद शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संतुलित करने वाली तथा रोजगार के नये अवसरों का सृजन करने वाली योजनाओं पर शासन का सर्वाधिक जोर रहा। सरकार बनने के तुरंत बाद किसानों को से मुक्ति तथा लंबित सिंचाई कर की माफी से इसकी शुरुआत की गई। इसके बाद राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी कार्यक्रम, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन किसान न्याय योजना, नयी औद्योगिक नीति का निर्माण, वन तथा कृषि उपजों के संग्रहण की बेहतर व्यवस्था, उपजों का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण तथा वैल्यू एडीशन, ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना, लघु वनोपजों के संग्रहण दर में वृद्धि तथा 65 तरह के लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीद, तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर में वृद्धि, मछली पालन तथा लाख उत्पादन को कृषि का दर्जा, परंपरागत शिल्पियों, बुनकरों तथा उद्यमियों को प्रोत्साहन, हर जिले में सी-मार्ट की स्थापना जैसे अनेक कदम उठाए गए।

## अमित जोगी बोले- पार्टी चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगाने हाईकोर्ट जाएगी

इधर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रमुख अमित जोगी ने भारद्वाज के नामांकन रद्द करने को अवैध और असंवैधानिक कहा है। जोगी ने कहा है कि उनकी पार्टी चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट जाएगी। जोगी ने कहा, 'उनकी पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर हरिदास भारद्वाज का नामांकन गैरकानूनी और असंवैधानिक तरीके से रद्द किया गया है। इसके जवाब में संविधान की धारा 226/7 के अंतर्गत जनता कांग्रेस, राज्य में राज्यसभा चुनाव की पूरी प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय से गुहार लगाएगी।' अमित जोगी ने कहा, 'जनप्रतिनिधित्व कानून में प्रस्तावकों की संख्या के विषय में साफ उल्लेखित है कि यदि राज्यसभा प्रत्याशी निर्दलीय हैं तब उस प्रत्याशी के लिए विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या के 10 फीसदी विधायक प्रस्तावक होने चाहिए। और यदि राज्यसभा प्रत्याशी चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दल का हो तब उसके संबंधित दल के विधायकों की कुल संख्या के 10 फीसदी विधायक प्रस्तावक होने चाहिए।' उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के संदर्भ में, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) चुनाव आयोग द्वारा एक मान्यता प्राप्त दल है और उसके कुल विधायकों की संख्या तीन है। इसलिए 10 फीसदी विधायक यानी केवल एक विधायक प्रस्तावक के रूप में होना चाहिए। जेसीसीजे के प्रत्याशी हरिदास भारद्वाज के नामांकन में जेसीसीजे के तीनों विधायकों ने प्रस्तावक के रूप में हस्ताक्षर किए हैं यानी पार्टी के सौ फीसदी विधायक प्रस्तावक बने थे। इसलिए प्रस्तावकों की संख्या के आधार पर डॉक्टर हरिदास भारद्वाज का नामांकन रद्द करना पूर्णतः गैरकानूनी और असंवैधानिक है। छत्तीसगढ के 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 71 विधायक हैं। जबकि भाजपा के 14, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के तीन और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के दो विधायक हैं। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की पांच सीटें हैं जिसमें से छाया वर्मा (कांग्रेस) और रामविचार नेताम (भाजपा) का कार्यकाल अगले माह समाप्त हो रहा है। वहीं राज्य के तीन अन्य राज्यसभा सदस्य कांग्रेस के केटीएस तुलसी और फूलोदेवी नेताम और भाजपा की सरोज पांडेय हैं।

# 50 लाख के हीरा के साथ बाप-बेटा गिरफ्तार, खदान से 745 नग निकाल कर ओडिशा जा रहे थे बेचने

**गरियाबंद ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में हीरा तस्करी का एक बड़ा मामला फूटा है। पुलिस ने 745 नग हीरा के साथ बाप-बेटे को गिरफ्तार किया है। बरामद हीरा की कीमत 50 लाख रुपये आकी गई है। तस्करों ने यह हीरा प्रतिबंधित खदान पायलीखंड से निकाला था। तस्कर बाप-बेटे हीरे को बेचने ओडिशा जा रहे थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गरियाबंद जिले में हीरा तस्करी का यह अब तक का सबसे बड़ा मामला है। पुलिस तस्करों से पूछताछ कर रही है।

गरियाबंद जिले के एसपी जेआर ठाकुर ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि शोभा थाना के प्रभारी जय सिहं धुर्वे की टीम ने तस्करों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि पायलीखंड स्थित हीरा खदान से 2 व्यक्ति बहुमूल्य हीरा लेकर स्कूटी क्रमांक ओडी 22 एम 3038 से ग्राहक तलाशने ओडिशा जा रहे हैं। थाना शोभा एवं स्पेशल टीम गठित कर कुशियार बरछा कचना धुरवा के पास नाकेबंदी प्वाइंट लगाया गया और वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान स्लेटी रंग की स्कूटी में सवार 2 व्यक्ति पुलिस को देखकर हड़बड़ा गए और भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा।

### पुलिस कर रही जांच, तस्करों से पूछताछ जारी

एसपी जेआर ठाकुर ने बताया कि पूछताछ करने पर तस्करों ने अपना नाम खोकन ढली (48 वर्ष), विप्लव ढली (19 वर्ष) निवासी बारसुंडी टोला थाना-रायघर, जिला नवरंगपुर (ओडिशा) का निवासी होना बताया। दोनों रिश्ते में पिता-पुत्र हैं। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 745 नग हीरा मिला। आरोपी हीरा से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा पाए। आरोपियों के खिलाफशोभा थाना में धारा 379,34 भादवि, 4(21) माइनिंग एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों से 745 नग हीरा, दोपहिया वाहन एवं मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

#### स्थाई स्तंभ

## बाप ने बेटी के साथ ऐसा क्या किया...

दीपक रंजन दास

आज अधिकांश इंटरनेट और सोशल मीडिया आधारित समाचार पत्रों में इस तरह के शीर्षक मिल जाएंगे जो व्यक्ति को आगे पढ़ने के लिए मजबूर करते हैं। तो क्या ऐसी खबरें पढ़ने की इच्छा रखने वालों की तादाद ज्यादा है? ऐसी खबरों में इंट्रो का पैरा एक नहीं कई-कई होते हैं। पाठक स्क्रॉल करता जाता है और पूरा पोस्ट पढ़ लेता है। ऐसी खबरों के साथ लिंक में ऐसे और भी शीर्षक होते हैं। वह एक-एक कर उन सबको क्लिक करता है और पूरा पढ़ता है। इससे उसकी कोई जरूरत भले ही पूरी न हो, पोर्टल के मालिक की जरूरत पूरी हो जाती है। पोर्टल के हिट्स बढ़ते हैं और इनगेजमेंट बढ़ता है। विज्ञापन हासिल करने के लिए यह जरूरी है। कल एक ऐसी ही खबर आई कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की दयाबेन नहीं रही। लोगों ने पूरी खबर पढ़ी, पर उसमें कहीं भी इस अभिनेत्री की मौत का जिक्र नहीं था। कभी बॉलीवुड की मसाला फिल्मों की खूब आलोचना होती थी। निर्माता कहता था कि फिल्में समाज का आईना हैं। हम वही दिखाते हैं, जो सच है। सभ्य फिल्मों में कलियों को खिलते, फूलों को आपस में टकराते और नदियों में बाढ़ आते दिखाया जाता था। पर ओटीटी के दौर में इशारे गैरजरूरी हो गए। जनता ने सच को स्वीकार कर लिया। अब टेस्ट ही खराब हो तो कोई क्या करे। राजनीति भी यही करवा रही है। धर्म को वैसे भी अफीम माना गया है। जिसने चाट लिया, अपने सारे गम भुला दिया। अंग्रेज सिखा गए हैं, फूट डालकर राज करने का इससे सस्ता कोई टोटका नहीं है। वैसे भगवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म का पाठ पढ़ाया था। उस समय सभी न केवल हिन्दू थे बल्कि आपस में नाते-रिश्तेदार भी थे। न मुसलमान थे न ईसाई। फिर किस धर्म की बात कर रहे थे कृष्ण?

बात का बतंगड़

## संपादकीय

# जनसंख्या नियंत्रण

भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून की जरूरत दशकों से महसूस हो रही है। ऐसा कानून बनाने के लिए अगर ललललललकेंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने संकेत दिए हैं, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनके मुताबिक, सरकार जल्द ही देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाएगी। पटेल की यह घोषणा इसलिए भी मायने रखती है कि उनका विभाग बढ़ती आबादी की जरूरत को सीधे झेलता है। गरीब कल्याण की किसी भी योजना में बढ़ती आबादी रोड़े की तरह काम करती है। हम अक्सर पश्चिमी देशों की बसावट और वैभव की मिसाल देते हैं। असंख्य भारतीयों को लुभाने वाले अमेरिका का अगर उदाहरण लें, तो वह आकार में भारत से तीन गुना से ज्यादा बड़ा है, पर उसकी आबादी भारत से करीब एक चौथाई ही है। जहां मानव बसावट है, वहां दोनों देशों की जनसघनता में ग्यारह गुना का अंतर है। मतलब जितनी जगह में एक अमेरिकी रहता है, उतनी ही जगह में 11 भारतीय रहते हैं। यह भी कहा जाता है कि भारत को प्रकृति का वरदान है, इस उपजाऊ भूमि पर दुनिया के 17 प्रतिशत से भी ज्यादा इंसान रहते हैं।

> “ एक अच्छा कानून बना देना ही पर्याप्त नहीं होगा, उसे ढंग से लागू करना ज्यादा जरूरी है। लगे हाथ हर धर्म के ऐसे लोगों पर लगाम जरूरी है, जो लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उत्तरी और मध्य भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून की वकालत करने वाला अभियान अगर गति पकड़ रहा है, तो स्वागत है।

कुल मिलाकर, बढ़ती आबादी सुविधाओं को प्रभावित करती है। संसाधनों का अभाव होता है और प्रकृति पर बोझ बढ़ता है। गंदगी और बीमारी को बढ़ावा मिलता है, अत: जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून के पक्ष में मजबूत पैरोकारी होती रही है। हालांकि, इस कानून का विरोध भी खूब है। इस कोशिश को एक धर्म विशेष के खिलाफ मानने वाले भी कम नहीं हैं। लेकिन पत्रकारों के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने दृढ़ता के साथ इशारा कर दिया कि इसे जल्द ही लाया जाएगा, चिंता न करें। जब इस तरह के मजबूत और बड़े फैसले पहले भी लिए गए हैं, तो बाकी भी लिए जाएंगे। मंत्री की दृढ़ता साफ संकेत है कि सरकार इस बड़ी पहल के लिए तैयार है। वैसे दो साल पूर्व राज्यसभा में राकेश सिन्हा ने जनसंख्या विनियमन विधेयक पेश किया था। तब सरकार का रुख इसके बहुत अनुकूल नहीं था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि अभी जागरूकता के जो प्रयास हैं, उनसे आगे जाकर कानून लाने या कड़ाई बरतने का सरकार का इरादा नहीं है। खैर, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री का ताजा बयान सरकार के रुख में आए बदलाव के संकेत दे रहा है।

जनसंख्या नियंत्रण के उदार उपाय अगर कारगर नहीं हो पा रहे हैं, तो कड़े कानून की जरूरत से कौन इनकार करेगा? संयुक्त राष्ट्र की वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जनसंख्या एक दशक में चीन से आगे निकल जाएगी। अत: एक तार्किक जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर आबादी को स्थिर रखना या घटाना बहुत जरूरी हो गया है। ध्यान रहे, 7 फरवरी, 2020 को एक विधेयक शिवसेना सांसद अनिल देसाई ने भी राज्यसभा में पेश किया था। जनसंख्या नियंत्रण में योगदान देने वालों को कर, रोजगार, शिक्षा आदि में प्रोत्साहन, रियायत देकर मजबूत करने की जरूरत है। ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों को दंडित भले न किया जाए, लेकिन कम बच्चे पैदा करने वालों के प्रोत्साहन को समान भाव से सुनिश्चित करना चाहिए। एक अच्छा कानून बना देना ही पर्याप्त नहीं होगा, उसे ढंग से लागू करना ज्यादा जरूरी है। लगे हाथ हर धर्म के ऐसे लोगों पर लगाम जरूरी है, जो लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उत्तरी और मध्य भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून की वकालत करने वाला अभियान अगर गति पकड़ रहा है, तो स्वागत है।

## अमेरिका की बंदूक संस्कृति

अमेरिका के टेक्सास प्रांत में वही हो गया, जो पिछले 250 साल से उसके हर शहर और मोहल्ले में होता रहा है। हर आदमी के हाथ में बंदूक होती है। वह कब किस पर चला दे, पता नहीं चलता। बंदूक का प्रयोग आत्महत्या के लिए तो अक्सर होता ही है लेकिन अमेरिका में कोई हमला ऐसा नहीं गुजरता है, जबकि कहीं न कहीं से सामूहिक हत्या की खबरें न आती हों। अभी टेक्सास में 18 साल के एक नौजवान ने बंदूक उठाई और अपनी दादी को मार डाला। फिर वह एक स्कूल में गया और वहां उसने दो अध्यापकों और 19 बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। 10 दिन पहले ही न्यूयार्क के एक बड़े बाजार में एक नौजवान ने दस अश्वेत लोगों को मार डाला था। अब से लगभग 53-54 साल पहले जब न्यूयॉर्क की कोलंबिया युनिवर्सिटी में मैं पढ़ता था तो मैं यह देखकर दंग रह जाता था कि वहां बाजार में खरीदी करते हुए या किसी रेस्तरां में खाना खाते हुए भी लोग अपने बेग में या कमर पर छोटी-मोटी पिस्तौल छिपाए रखते थे।

लगभग सभी घरों में बंदूकें रखी होती थीं। इस समय अमेरिका के 33 करोड़ लोगों के पास 40 करोड़ से भी ज्यादा बंदूकें हैं। याने हर परिवार में तीन-चार बंदूकें तो रहती ही हैं। ये क्यों रहती हैं मुझे मेरे अध्यापकों ने बताया कि बंदूकें रखना अमेरिकी संस्कृति का अभिन्न अंग शुरु से ही है। जब दो-ढाई सौ साल पहले गोरे यूरोपीय लोग अमेरिका आने लगे तो उन्हें स्थानीय 'रेड इंडियन्स' का मुकाबला करना होता था। उसके बाद अफ्रीकी अश्वेत लोगों का बड़े पैमाने पर अमेरिका आगमन हुआ तो शस्त्र-धारण की जरुरत पहले से भी ज्यादा बढ़ गई। इसीलिए अमेरिकी संविधान में जो दूसरा संशोधन जेम्स मेडिसन ने 1791 में पेश किया था, उसमें आम लोगों को हथियार रखने का पूर्ण अधिकार दिया गया था। वह अधिकार आज भी ज्यों का त्यों कायम है।

**-वेद प्रताप वैदिक**

> “ यह समझना चाहिए कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है, जहां तमाम तरह की संभावनाएं मौजूद हैं। दुनिया भर की कंपनियां यहां आने को उत्सुक हैं। यह बाजार अमेरिका और पश्चिम के लिए काफी मुफीद हो सकता है। इसलिए चीन के खिलाफलीक से हटकर कदम उठाने के हमारे पास कई रास्ते हैं। यदि ऐसा न हो सका, तो सैन्य स्तर की इस तरह की बातचीत बहुत दूर तक जाती नहीं दिखती।

# चीन से सैन्य संवाद की रपटीली राह

जयदेव रानाडे, चीन मामलों के विशेषज्ञ

एक ठहराव के बाद भारत और चीन फिर से सैन्य स्तर की बातचीत शुरू करने जा रहे हैं। 16वीं दौर की यह वार्ता सीमा-विवाद के संदर्भ में हो रही है। मगर इस तरह की बैठक क्या वाकई सार्थक हो सकेगी, यह अभी ठीक-ठीक कहना मुश्किल है। हालांकि, जब से यह बातचीत शुरू हुई है, शुरुआती उपलब्धियों को छोड़कर हमारे हाथ कुछ खास नहीं आया है। शुरुआत में भी दोनों देशों ने महज एक-दो ठिकानों से अपने सैनिकों को पीछे हटाने पर सहमति जताई थी।

चीन पुरानी स्थिति में लौटना नहीं चाहता है। उसके विदेश मंत्री वांग यी ने फिर से लद्दाख को अपना हिस्सा बताया है। चीन के वेस्टर्न थियेटर कमांड के प्रवक्ता ने भी गलवान हिंसक झड़प के बाद लद्दाख को लेकर यही राग अलापा था। जाहिर है, चीन बातचीत के बहाने बेवजह इस मुद्दे को लंबे समय तक खींचना चाहता है, ताकि सीमा पर उसकी स्थिति मजबूत बन सके। यही वजह है कि चीनी सरकार के नुमाइंदे अब यह सलाह देने लगे हैं कि सीमा विवाद को किनारे रखकर भारत को अन्य संबंधों को आगे बढ़ाना चाहिए। हालांकि, भारत सरकार का मत बिल्कुल साफहै। वह सीमा विवाद सुलझाने को लेकर उतनी ही गंभीर है, जितना अन्य संबंध बनाने को लेकर।

सैन्य स्तर की ऐसी वार्ता से किसी बड़ी उपलब्धि की संभावना इसलिए नहीं है, क्योंकि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को इससे कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। इस साल के आखिर में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी अपनी 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस मनाने जा रही है। चूंकि शी जिनपिंग तीसरा कार्यकाल चाहते हैं, इसलिए उनकी इस पर खास नजर है। मगर मुश्किल यह है कि चीन अभी तमाम तरह की आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। वहां आर्थिक समस्याएं बढ़ गई हैं, रहन-सहन पर लोग ज्यादा खर्च करने लगे हैं, कंपनियां बंद हो रही हैं और 'जीरो कोविड पॉलिसी' व अत्यधिक बंदिशों के कारण जनता में सरकार के खिलाफनाराजगी गहरा रही है। लिहाजा शी जिनपिंग अभी ऐसा कुछ शायद ही करेंगे, जिससे यह संदेश जाए कि वह कमजोर पड़ते जा रहे हैं। बजाय इसके वह यही साबित करने का प्रयास करेंगे कि आज भी उनकी तूती बोलती है और चीन को नए मुकाम पर ले जाने को वह संकल्पित हैं।

मगर, एक सच यह भी है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और जनता के बीच जो संबंध बनता है, वह लोगों के बेहतर रहन-सहन से गुंथा हुआ है। और, यूक्रेन युद्ध के लिए भी लोग परोक्ष रूप से जिनपिंग को दोषी मानने लगे हैं। इसीलिए, वहां तमाम तरह के जोखिम उठाकर भी सोशल मीडिया पर सरकार की मुखालफत करने वालों की कमी नहीं दिखती। ऐसे में, जिनपिंग के लिए यदि कुछ करने को बचता है, तो वह भारत के खिलाफ विषवमन, ताइवान में दखल और साउथ चाइना में विस्तार ही है। ऐसे में, सीमा विवाद पर सार्थक बातचीत राष्ट्रीय कांग्रेस तक शायद ही सकारात्मक गति पकड़ सके।

हालांकि, इस विवाद की एकमात्र वजह शी जिनपिंग की अति-महत्वाकांक्षा नहीं है। चीन की विस्तारवादी नीति क्रमवार चलती रही है। उसने 2013 में 'बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव' (बीआरआई) की घोषणा की, तो अप्रैल 2015 में चीन-आर्थिक पाकिस्तान गलियारे का एलान। यह हमारे लिए चौंकाने वाला कदम था। इस घोषणा के कई अर्थ निकाले गए। पहला, अभी तक पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और कश्मीर को लेकर चीन निरपेक्ष जान पड़ता था, लेकिन उसकी नई योजना से यह साफ हो गया कि वह पाकिस्तान के पक्ष में झुका हुआ है। दूसरी बात, इस परियोजना में सड़क, रेल और बंदरगाह के विकास की बात थी, जो उसके सैन्य हितों के मुताबिक तय किया गया था। शिनजियांग के काशगर से लेकर ग्वादर तक फाइबर ऑप्टिक केबल बिछाने की चर्चा भी इसमें की गई, और वेस्टर्न थियेटर कमांड को अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा व चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की संपत्ति की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया। ये सब साफसंकेत थे कि चीन एक खास मंशा के तहत आगे बढ़ रहा है, लेकिन हम इसे भांप न सके। वुहान और मामल्लापुरम में जो दोनों देशों के शासनाध्यक्षों (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग) की बैठकें हुईं, वे हमारी आंखों में धूल झोंकने वाली थीं। ऐसे में, अब चीन की सेना शायद ही पीछे हटने को तैयार हो। पिछले दो साल से वह इस नई स्थिति में है, तो पुरानी जगह पर लौटने से वह ना-नुकुर कर सकती है।

हालांकि, हमारी तैयारी भी कमजोर नहीं है। गरमी में पहाड़ी इलाकों की सीमाएं जरूर संवेदनशील बन जाती हैं, लेकिन हमारी सरकार की इस पर नजर बनी हुई है। हमने भी चीन की तरह वहां करीब 60 हजार सैनिक तैनात कर रखे हैं। सामरिक सुरक्षा के लिहाज से बुनियादी ढांचे के निर्माण का काम भी तेजी से किया जा रहा है। हालांकि, भौगोलिक परिस्थितियों के कारण चीन की तुलना में हमारी राह ज्यादा कठिन है। फिर भी, इन कामों को हमें जल्द पूरा करना होगा, क्योंकि चीन की तैयारी का अंदाजा हाल ही में वहां की संसद से पारित 14वीं पंचवर्षीय योजना से लगता है। इसमें तिब्बत से रेल लिंक, रोड हाइवेज को उन्नत बनाना, 30 हवाई अड्डों के निर्माण सहित कई परियोजनाओं का जिक्र है। लिहाजा हमें कुछ अतिरिक्त कदम उठाने ही होंगे, अन्यथा आने वाले समय में हमारे लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

चिंता की बात यह भी है कि व्यापार संतुलन चीन के पक्ष में है। हमारे उद्यमी आत्मनिर्भरता को पूरी तरह से आत्मसात नहीं कर पाए हैं। अगर हम कारोबारी गतिविधि को कुछ अपने पक्ष में कर सकें, तो चीन को बड़ी चोट पहुंचा सकेंगे। टिक टॉक पर ही प्रतिबंध लग जाने से उसे करीब नौ अरब डॉलर का सीधा नुकसान हुआ था। अगर इस तरह के और कदम उठाए जाएंगे, तो हम उस पर ज्यादा प्रभावी साबित हो सकेंगे। यह समझना चाहिए कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है, जहां तमाम तरह की संभावनाएं मौजूद हैं। दुनिया भर की कंपनियां यहां आने को उत्सुक हैं। यह बाजार अमेरिका और पश्चिम के लिए काफी मुफीद हो सकता है। इसलिए चीन के खिलाफ लीक से हटकर कदम उठाने के हमारे पास कई रास्ते हैं। यदि ऐसा न हो सका, तो सैन्य स्तर की इस तरह की बातचीत बहुत दूर तक जाती नहीं दिखती।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# अलविदा केके... हम रहें या ना रेहं कला, याद आएंगे ये पल

अमिताभ श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार

दो-ढाई दशक पहले तक स्कूल-कॉलेज से लेकर दफ्तरों तक होने वाले विदाई समारोहों में किशोर कुमार के गाने से फेयरवेल होती थी, चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना, कभी अलविदा न कहना। केके का गीत हम रहें या ना रहें कल...याद आएंगे ये पल... आने के बाद इस कड़ी में ऐसे मौकों पर कम से कम युवाओं की महफिलों में यह नए जमाने की पसंद बनकर उभरा। यह एक विडंबना ही है कि उनका यह गीत खुद उनके लिए भी विदाई गीत बन गया।

मनोरंजन चैनलों पर गीत-संगीत की प्रतियोगिताओं में आजकल गायक-गायिकाएं निर्णायक बनकर आते हैं और उनकी चमक-दमक फिल्मी सितारों से किसी तरह कम नहीं होती। केके ऐसे गायक थे, जिन्हें उनके तमाम प्रशंसक स्टेज शो में मिलने पर पूछते थे, क्या आप सचमुच वही हैं, जिन्होंने फलां गाना गाया है? आज के दौर में जब शोहरत की चाहत में पागल तमाम लोग सोशल मीडिया पर अपने नाचने-गाने के वीडियो की बौछार किए रहते हैं और हस्ती होने के गुमान में रहते हैं, यह यकीन करना मुश्किल है कि केके जैसा एक गायक भी था, जो लाखों चाहने वालों की बेपनाह मोहब्बत हासिल करने के बावजूद बेहद जमीनी इंसान था, पब्लिसिटी से दूर, अपने काम से खुश, काम से प्यार करने वाला, काम में खोया रहने वाला। उनकी कीर्ति उनके अकस्मात देहांत के बाद आई प्रतिक्रियाओं से पता चलती है। फिल्मी दुनिया के लोगों के अलावा देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री ने भी शोक जताया, पश्चिम बंगाल की सरकार ने तो पूरे राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी। उन्होंने कम गीत गाए हैं, लेकिन जितने गाए हैं, सब उनकी नैसर्गिक प्रतिभा के अविस्मरणीय दस्तावेज हैं। उनकी शीशे जैसी साफ आवाज में एक अलग-सी कशिश थी। धीमी लय के गीतों में रूह को छू जाती हुई और उसी गले से जब ऊंचे सुर लगाते थे, तब लोग लाइव कंसर्ट में दीवाने होकर झूमने लगते थे। ऊंची पिच पर सुर साधे रखने में और बिना किसी बनावटी हरकत या कारीगरी के आवाज की बुनियादी गुणवत्ता और मिठास बनाए रखने में तो उन्हें कमाल की पकड़ हासिल थी। इसी खूबी की वजह से वह अपनी एक अलग जगह बनाने में कामयाब हुए थे।

जब केके को फिल्मों में गाने का मौका मिला, तब उदित नारायण, सोनू निगम और कुमार शानू पार्श्व गायकी के मैदान में डटे हुए थे। इनके बीच किसी चमत्कार की तरह उभरे थे केके। फिल्म थी हम दिल दे चुके सनम और गीत था, तड़प-तड़प के इस दिल से आह निकलती रही। परदे पर सलमान खान और ऐश्वर्या राय की जुदाई के दर्द को अपनी आवाज से बयान करते केके रातोंरात स्टार गायक बन गए थे।

मलयाली माता-पिता की संतान केके का पूरा नाम था कृष्ण कुमार कुन्नत। दिल्ली में पले-बढ़े। किरोड़ीमल कॉलेज से पढ़ाई की। गाने का शौक बचपन से था। मां मलयालम में जो गाती-गुनगुनाती थीं, पिता टेप रिकॉर्डर में दर्ज कर लेते थे। यही केके का संगीत विद्यालय था। मां के गाने सुनकर उन्होंने गुनगुनाना सीखा और बाद में जब गायकी का जुनून सिर चढ़ा, तब अभ्यास से अपनी आवाज को तराशकर किसी नायाब हीरे जैसा अनमोल बना दिया। बचपन की दोस्त से ही प्रेम किया और शादी की। वह फिल्मी गानों से पहले तीन हजार से ज्यादा जिंगल गा चुके थे। विशाल भारद्वाज ने गुलजार की फिल्म माचिस में छोड़ आए हम वो गलियां में उनकी आवाज का इस्तेमाल किया। फिर इस्माइल दरबार ने हम दिल दे चुके सनम में मौका दिया और केके ने सनसनी मचा दी। कुदरती तौर पर उनकी बहुत मंजी हुई आवाज थी। कॉलेज जाने वाली पीढ़ी की महफिलों के तो सबसे पसंदीदा गीतों में शामिल हैं उनके गाए गीत। यारो दोस्ती बड़ी ही हसीन है, उनकी आवाज नौजवान पीढ़ी के लिए तो जैसे जिंदगी के तमाम फलसफे बयान करने वाले, समझाने वाले किसी दोस्त की, किसी हमदर्द, किसी गाइड की आवाज बन गई थी। जॉन अब्राहम और बिपाशा बासु की फिल्म जिस्म के एक गाने में युवा मन की बेचैनी, खालीपन, जीवन का व्यर्थता बोध और भटकाव उनकी आवाज में बहुत अच्छी तरह से अभिव्यक्त हुए हैं-

आवारापन बंजारापन एक खला है सीने में
हरदम हर पल बेचैनी है कौन बला है सीने में।

युवाओं की ही भाषा में कहें, तो उनके अनेक गीतों को जैसे एंथम का दर्जा हासिल है। ग्लैमर की दुनिया में रहते हुए भी स्कैंडल, गुटबाजी, प्रचार से दूर रहे। इसका नुकसान भी हुआ। फिल्म इंडस्ट्री में मौके कम होते गए। इन सबसे बेपरवाह उन्हें स्टेज शो, कंसर्ट में मजा आता था, वही करते रहे और आखिरकार एक लाइव शो में ही अपनी आवाज का जादू जगाकर दुनिया को अलविदा कह गए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



तुमसे दोस्ती कर खुद
इठलाया-इतराया
मन, प्यार मिला
विश्वास मिला, जैसे दे
दिया हो भगवन ने पूर्व
जन्म का कोई पुण्य।

**-अंजली जैन**
**7024460938**

# नगाड़े बजाने वाले ही गड़े मुर्दे उखाड़ेंगे

हरिशंकर व्यास

इस समय देश में निकट अतीत से लेकर मध्यकालीन भारत तक के इतिहास की खुदाई का काम चल रहा है। औरंगजेब के जमाने में हुई ज्यादतियों का बदला लेने का अभियान चल रहा है तो 20 साल पहले रेलवे में हुई 12 भर्तियों में कथित गड़बड़ियों के लिए तब के रेल मंत्री के पूरे परिवार पर केंद्रीय एजेंसियों के छापे पड़ रहे हैं। शुक्रवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि थी और उससे एक दिन पहले मध्य प्रदेश के सतना में उनकी प्रतिमा के अपमान का वीडियो वायरल हुआ। सोचें, इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़ने, दशकों पुराने मामले खोल कर विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई करने या अपने राजनीतिक-वैचारिक विरोधियों की प्रतिमाओं से दुर्व्यवहार की जो परंपरा शुरू हुई है वह कहीं पर समाप्त होगी क्या कोई इस बात की गारंटी दे सकता है कि आज जो तख्तनशीन हैं वे कभी इस लंगूरी परंपरा का शिकार नहीं होंगे

नेहरू आज इस लंगूरी परंपरा का शिकार हैं, जबकि उनके प्रधानमंत्री रहते ही देश का वैचारिक मानस बनाने की जिम्मेदारी वामपंथी बुद्धिजीवियों ने संभाल ली थी। वे पूरी ईमानदारी से नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया को स्थापित करते रहे थे। इस काम में लगे ज्यादातर लोगों की वैचारिक ईमानदारी असंदिग्ध थी और राजनीतिक निष्ठा भी कमोबेश मजबूत थी। इसके बावजूद इतिहास के अध्याय बदले जा रहे हैं, मूर्तियां गिराई जा रही हैं, स्मारक हटाए जा रहे हैं तो जिन लोगों ने सत्ता संभालने के बाद वैचारिक रूप से निष्ठावान और राजनीतिक रूप से प्रतिबद्ध लोगों को दूर किया और औसत या मंद बुद्धि वाले और निजी तौर पर नेता के प्रति निष्ठावान लोगों को आगे बढ़ाया उनके साथ क्या होगा इस सरकार ने तो देश का वैचारिक मानस बनाने का जिम्मा भी ऐसे लोगों को सौंपा है, जिनका अपना मानस स्पष्ट नहीं है। राजनीतिक रूप से ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया गया है, जो या तो बौद्धिक मामलों में पैदल हैं या दूसरी पार्टियों से आए हैं। ऐसे लोगों की भरमार है, जो कुछ दिन पहले तक राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा का विरोध थे। हिंदू आतंकवाद का शब्द गढ़ने और प्रचारित करने वाले पूर्व नौकरशाह भी केंद्र में मंत्री हैं। सो जब समय बदलेगा तब ये लोग क्या करेंगे, यह कहने की जरूरत नहीं है।

इसी तरह आज सरकार विरोधी नेताओं को भ्रष्ट साबित करने के लिए गड़े मुर्दे उखाड़ रही है। यह नई परंपरा है कि 15-20 साल पहले का मुद्दा निकाल कर किसी राजनीतिक विरोधी पर छापे मारे जाएं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

सुशील म्युजिकल
इलेक्ट्रीक शाही बेन्जो के निर्माता
सभी प्रकार के संगीत वाद्य यंत्र के विक्रेता
स्टेशन रोड, फरिश्ता काम्प्लेक्स के पास, दुर्ग (छ.ग.) - 491001
मो.-9993626855, फो.-07884010027
e-mail-sushilmusical@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

नमन ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
9926278943
9406434001
पता:- आदर्श नगर, पेट्रोल पंप के पास, दुर्ग (छ.ग.)

महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरुम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)

# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## हज यात्रियों ने सीखे अराकान-ए-हज, रवानगी 18 जून से 03 जुलाई तक

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा रायपुर संभाग एवं धमतरी व कांकेर जिलों से जाने वाले हज यात्रियों के एक दिवसीय हज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 29 मई को रायपुर में किया गया। हज प्रशिक्षण शिविर में हज यात्रियों को यात्रा के समस्त अराकानों के साथ-साथ समस्त प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां और हज के दौरान बरतने वाली विशेष सावधानियां, सउदी सरकार के नियम कानून कायदों की जानकारी आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम के अतिथि खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन और अध्यक्ष खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम श्री रामगोपाल अग्रवाल ने प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों को यात्रा की मुबारकबाद दी और हज के दौरान अहम स्थानों पर प्रदेश की खुशहाली व तरक्की की दुआ करने की अपील की। उन्होंने हज यात्रियों को हज प्रशिक्षण किट का भी वितरण किया। इस अवसर पर राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम खान ने भी सभी हज यात्रियों को यात्रा की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि हज यात्रा 2022 के लिए प्रदेश के सभी आवेदकों को यात्रा का अवसर प्रदान करने की व्यवस्था कराये जाने हेतु मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का मुस्लिम समाज की ओर से आभार व्यक्त किया।

राज्य हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी एवं सचिव श्री साजिद मेमन ने बताया कि, हज कमेटी मुम्बई से प्राप्त फ्लाईट शेड्यूल अनुसार, मुम्बई ईम्बारकेशन प्वाइंट से प्रदेश के हज यात्रियों की रवानगी 18 जून से 03 जुलाई तक और वापसी 24 जुलाई से 13 अगस्त 2022 तक होगी।

प्रदेश के हाजी मुम्बई से जदद्दा के लिए रवाना होंगे और उनकी वापसी मदीने से मुम्बई के लिए होगी। केन्द्रीय हज कमेटी द्वारा अभी फ्लाईट का अलॉटमेंट नहीं किया गया है। सूचना प्राप्त होने पर यथाशीघ्र सूचित किया जावेगा। शिविर में रायपुर जिले के 69, बलौदा बाजार के 06, गरियाबंद के 06, महासमुन्द के 07, धमतरी से 21 कांकेर से 04 एवं प्राईवेट टूर्स आपरेटर्स एवं अन्य जिलों से जाने वाले हज यात्रियों ने उपस्थित होकर यात्रा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। हज यात्रा का प्रशिक्षण सदस्य राज्य हज कमेटी के हाफिज़ व कारी मौलाना सै. अशफाक अहमद अंजुम, राज्य हज कमेटी के मास्टर ट्रेनर मौलाना कारी सुल्तान अहमद, मौलाना रिफ्अत अली, हाजी अब्दुल रज्जाक, द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, उपाध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण शिव सिंह ठाकुर, अध्यक्ष भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल सुशील सन्नी अग्रवाल, सदस्य राज्य गृह निर्माण मंडलअजय साहू, सदस्य राज्य वक्फ बोर्ड फैसल रिज़वी, नोमान अकरम हामिद, शेख शमसुद्दीन (तन्तु), सदस्य, रायपुर विकास प्राधिकरण पप्पू बंजारे, सदस्य श्रम कल्याण मंडल शारिक रईस खान, पार्षद नगर पालिक निगम समीर अख्तर सहित सर्वश्री इदरीश गांधी,अब्दुल असलम, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद युसूफ और मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बालोद जिले में स्वयं सहायता समूह के शत-प्रतिशत सदस्यों के लिए वित्तीय साक्षरता मिशन का उद्घाटन

श्रीकंचपथ न्यूज

**वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता अभियान के लिए बालोद जिले का चयन पायलट जिले के रूप में**

रायपुर। भारतीय रिज़र्व बैंक, रायपुर द्वारा बुधवार 01 जून को बालोद जिले के स्वयं सहायता समूहों के शत प्रतिशत सदस्यों के लिए वित्तीय साक्षरता और जागरूकता अभियान का उदघाटन क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिज़र्व बैंक श्रीमती रीनी अजित द्वारा कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे और महाप्रबंधक नाबार्ड श्रीमती सुपर्णा टंडन की उपस्थिति में किया गया।

वित्तीय साक्षरता और जागरूकता अभियान के लिए प्रदेश के बालोद जिले का चयन पायलट जिले के रूप में किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा यह जिला पूर्णत: डिजिटल भुगतान में सक्षम बनाने के लिए पहले ही चुना गया है, जिसमें सभी बैंकों में लगभग 90 प्रतिशत सफलता प्राप्त कर ली है।

इस अभियान के अंतर्गत अगले छ: महीनो में जिले में कार्यरत अग्रणी जिला प्रबंधक, नाबार्ड के अधिकारी, चुने हुए बैंकों के अधिकारी, डोंडी लोहारा स्थित वित्तीय साक्षरता केंद्र तथा एनआरएलएम के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता प्रदान की जाएगी। इसमें उन्हे विविध आर्थिक उत्पादों और सेवाओं की तथा उनसे संबंधित शिकायतों के निवारण की जानकारी भी दी जाएगी।

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने कहा कि इस पहल से बैंकों और स्वयं सहायता समूहों के बीच संव्यवहार और बढ़ेगा तथा उन्होने भारतीय रिज़र्व बैंक को इस अभियान हेतु बालोद जिले का चयन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खास खबर

### संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दल्लीराजहरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार जिला न्यायाधीश बालोद डॉ. प्रज्ञा पचौरी जी,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के मार्गदर्शन 31 मई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिखलाकसा में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अस्पताल के स्टाफ एवं उपस्थित आमजनो को सतीश कुमार खाखा व्यवहार न्यायाधीश/ अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति दल्लीराजहरा के द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस क्यों मनाया जाता है एवं उनके उद्देश्य व तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे जानकारी देते हुए तम्बाकू का सेवन स्वयं एवं अपने परिवार व अपने मित्रों के लोगों को नहीं करने के संबंध में शपथ दिलाया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के प्रभारी डॉ. जे के चुनाकर, डॉ. भुआर्य एवं दीपक साहू, पी एल वी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सिंधी मंच की बैठक सम्पन्न

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सिंधी मंच (रजि.) के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित कार्यालय में आयोजित हुई जिसमें समाज हित में उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा हुई एवं पूरे वर्ष भर के कार्यक्रमों का कैलेंडर तैयार किया गया। जिसके अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिमाह एक या दो कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसी बैठक में समाज के विभिन्न समस्याओं पर भी विचार हुआ जिसमें बच्चों की उच्च शिक्षा, रोजगार, एवं वैवाहिक संबंधों हेतु राष्ट्रीय स्तर पर मैट्रिमोनियल साइट बनवाने ,व्हाट्सएप ग्रुप एवं अन्य प्लेटफार्म का उपयोग करने सहित कई सामाजिक मुद्दों पर पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। किया गया कि आगामी अगस्त माह में संस्था का राष्ट्रीय महाधिवेशन छत्तीसगढ़ में ही आयोजित किया जाएगा।

### निगम की कार्यशैली के खिलाफ भाजपा ने बोला हल्ला, कहा जनसमस्याओं की अनदेखी कांग्रेस को पड़ेगी भारी

## राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के नेतृत्व में प्रदर्शन में जुटे हजारों भाजपा कार्यकर्ता

श्रीकंचपथ न्यूज

दुर्ग। कांग्रेस की सत्ता वाली नगर निगम पर भाजपा द्वारा शहर की दशा बिगडने एवं जन समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। जिसके विरोध में राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के नेतृत्व में बुधवार को भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने निगम मुख्यालय में हल्ला बोलकर निगम प्रशासन से जवाब मांगा गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता निगम की लचर कार्यशैली को लेकर खासे आक्रोशित थे।

फलस्वरुप कार्यकर्त्ताओं द्वारा विधायक,महापौर व निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए निगम के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे बेरीगेट्स को तोड़कर अंदर जाने का प्रयास किया गया। जिससे कार्यकर्ताओं और सुरक्षा में तैनात पुलिस बल के बीच धक्कामुक्की की स्थिति भी निर्मित हुई। भाजपा कार्यकर्त्ताओं के इस रुख को देखकर निगम आयुक्त हरेश मंडावी को प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधि मंडल को चर्चा के लिए बुलाने विवश होना पड़ा। प्रतिनिधि मंडल द्वारा निगम मुख्यालय में आयुक्त हरेश मंडावी से चर्चा कर जन समस्याओं पर जमकर आक्रोश जताया गया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त को जनसमस्याओं से संबंधित 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल भाजपा नेताओं ने आयुक्त को चेतावनी भरे लहेजे में कहा कि 7 दिन के भीतर समस्याओं का समाधान करे अन्यथा की स्थिति में भाजपा कार्यकर्त्ता पुन: उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगें। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश भाजपा मंत्री उषा टावरी, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा,महामंत्री ललित चंद्राकर, नटवर ताम्रकार, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा,भाजपा उपाध्यक्ष संतोष सोनी, दिनेश देवांगन, मनोज मिश्रा, कसारीडीह-बोरसी भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश समर्थ,मंडल अध्यक्ष दीपक चोपड़ा,शेखर चंद्राकर,लुकेश बघेल एवं अन्य भाजपा नेता शामिल थे। आयुक्त द्वारा मांगो पर आश्वासन मिलने के बाद ही प्रतिनिधि मंडल शांत होकर वापस लौटा। निगम मुख्यालय में जंगी प्रदर्शन के पहले कार्यकर्त्ताओं ने गवर्नमेंट स्कूल मैदान में सभा की।

सभा को राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने संबोधित कर नगर निगम की कार्यशैली पर जमकर सवाल उठाए। उन्होने कहा कि विगत 30 माह में शहर के नागरिक विभिन्न समस्यायों से परेशान है। यह दुर्भाग्य है कि कांग्रेस की सत्ता वाली नगर निगम में सबसे ज्यादा शहर की जनता पानी के लिए भटक रही है। आए दिन जलसंकट व कई वार्डो में लो प्रेशर होने के कारण लोग त्रस्त है। सफाई व्यवस्था सभी वार्डो में चरमरा गई है। भाजपा सत्ता कार्यकाल में निर्मित गौरव पथ को चौड़ीकरण के नाम पर बगैर कोई प्लानिग के तोड़ दिया गया है। दादा दादी नानी पार्क से प्रतिमा उखाड़ दिए गए है। कई बड़े धरोहर को नष्ट कर दिए गए है। पूरा शहर अव्यवस्थित है गरीबो के आशियाने तोडने बार बार नोटिस भेजकर परेशान किया जा रहे है। लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। कांग्रेस सत्ता वाली नगर निगम में बैठे जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जनता की इन समस्याओं को पूरा करना होगा। अब हम चुप नहीं बैठेंगे। इसके अलावा सभा को भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित कर निगम की व्यवस्था को जमकर कोसा। सभा उपरांत राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्त्ता रैली की शक्ल में निगम मुख्यालय पहुंचे थे। जहां भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने जमकर हल्ला बोला और जन समस्याओं को पुरा करने जमकर आवाज बुलंद की।

## विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर कल राज्यस्तरीय साइकिल रैली का आयोजन

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर और आजादी के अमृत महोत्सव तहत नेहरु युवा केंद्र संगठन रायपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 03 जून, 2022 (शुक्रवार) को सुबह 08.00 बजे, कलेक्टर कार्यालय परिसर, रायपुर से तेलीबांधा तक राज्यस्तरीय साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है । इस रैली में विभिन्न युवा मंडल के सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं विभिन्न खेल संघ के खिलाडी शामिल होंगे ।

नेहरु युवा केंद्र संगठन रायपुर के राज्य निदेशक, कांत पाण्डेय ने बताया कि पुरे भारत वर्ष में नेहरु युवा केंद्र संगठन द्वारा सभी राज्य की राजधानियों में सहित भारत के 75 विशेष स्थलों एवं जिलास्तर पर साइकिल रैली का आयोजन 03 जून को किया जा रहा है । इसी तारतम्य में राज्यस्तरीय रैली रायपुर में और विशेष स्थल सिविक सेन?टर भिलाई एवं रतनपुर फोर्ट, बिलासपुर में उक्त रैली का आयोजन किया जा रहा है । पाण?डे ने बताया कि उक्त रैली का उद्देश्य फिट इण्डिया के अंतर्गत स्वस्थ रहना एवं वाहनों से होने वाले प्रदुषण को दूर करने की जागरूकता दी जाएगी 7तथा लोगो को इस रैली के माध्यम से यह भी संदेश दिया जाएगा की वे सप्ताह में कम से कम एक बार वाहन के अपेक्षा साइकिल का उपयोग करें, जिससे की वह स्वस्थ तो रहेंगे ही एवं हमारा प्रदेश एवं देश से प्रदूषण भी कम होगा।

## विकास प्रदर्शनी लोगों को खूब लुभा रही

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशीप एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धि के प्रचार-प्रसार के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी से लोगों को उपयोगी जानकारी मिल रही है। 21 मई से 22 जून तक चलने वाली यह विकास प्रदर्शनी लोगों को लुभा रही है।

इस विकास प्रदर्शनी में लोक कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को फोटो, एलईडी स्क्रीन और ऑडियो वीडियो विजुअल के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है। जिसे देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित सभी आयु वर्ग के लोग आ रहे हैं। गौरतलब है कि विकास प्रदर्शनी में राज्य शासन की फ्लेगशिप योजनाओं जैसे गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, किसानों की कर्जमाफी, धान खरीदी, ब्याजमुक्त कृषि ऋण योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, दाई-दीदी क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल, धनवंतरी मेडिकल जेनेरिक स्टोर तथा नरवा, गरवा, घुरवा और बारी जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव जिले से आये जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

विकास प्रदर्शनी देखने आए सभी लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसकी सराहना की और कहा कि विकास प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को आसानी से महत्वाकांक्षी योजनाओं और कार्यक्रम की जानकारी मिल रही है। विकास प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं और विगत साढ़े तीन साल के विकास कार्यों पर आधारित प्रकाशन सामग्री का भी नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है।

## फेंसिंग पोल निर्माण से मल्टीएक्टिविटी सेंटर चेरवापारा की महिलाएं बनी लखपति

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** कोरिया जिले के ग्राम पंचायत चेरवापारा स्थित मल्टीएक्टिविटी सेंटर में फेंसिंग पोल निर्माण कर महिलाएं लखपति बन रही हैं। दरअसल बात है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी-गौठान (मल्टीएक्टिविटी सेंटरों) के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को मल्टीएक्टिविटी गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में चेरवापारा के मां अम्बे स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने फेंसिंग निर्माण से 9 लाख रूपए शुद्ध मुनाफा कमाकर लखपति बन गई हैं। मल्टिएक्टिविटी गतिविधियों के माध्यम से अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर पूरे प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नए आयाम स्थापित कर रही हैं।

गौरतलब है कि गौठान में स्व-सहायता समूह की महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के साथ ही मल्टीएक्टिविटी सेंटरों में खाद्य प्रसंस्करण, पोल निर्माण, पेवर ब्लाक निर्माण, ट्री गार्ड निर्माण, किचन गार्डन, टॉयलेटरिज, सैनिटरी नैपकिन, साबुन, डिटर्जेंट निर्माण, सामुदायिक बाड़ी जैसी गतिविधियों से लाखों की आय अर्जित कर रही हैं।

मां अम्बे समूह की महिलाओं ने बताया कि वे चेरवापारा मल्टीएक्टिविटी सेंटर में समूह की पांच महिलाएं फेंसिंग पोल बनाने का काम करती हैं। बीते दो सालों में 8 हज़ार से भी ज्यादा फेंसिंग पोल का निर्माण किया है और कुशल व्यवसायी की तरह उनका विक्रय भी कर रही हैं। समूह की सदस्य श्रीमती विमला राजवाड़े बताती हैं, अब तक 8 हज़ार 880 फेंसिंग पोल का बिक्री कर चुके हैं। इससे समूह को 26 लाख 25 हजार रुपये की आय हुई। इसमें समूह को 9 लाख रुपये का शुद्ध मूनाफा हुआ है।

प्रत्येक महिलाओं को डेढ़ लाख रुपये की आमदनी हुई है। विमला बताती हैं कि आजीविका संवर्धन के लिए संचालित इन गतिविधियों से उन्हें जो राशि मिली, वह उनके बूरे वक्त में काम आयी।

पति के देहांत के बाद उनके परिवार की आजीविका के साथ-साथ तबियत खराब होने और बेटे की शादी में भी यह रकम काम आयी। विमला ने बताया कि उनका समूह तीन साल से फेंसिंग पोल निर्माण कार्य कर रही हैं।

## पीएटी एवं पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 5 को

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 5 जून 2022 को आयोजित की जाने वाली पीएटी एवं पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक संपन्न होगी। उक्त परीक्षा हेतु केन्द्रों के लिए आब्जर्वर नियुक्त किए गए है। ऑब्जर्वर परीक्षा केन्द्र की परीक्षावधि में सतत् निगरानी रखेंगे।

आब्जर्वर गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु 5 जून को प्रात: 7.30 बजे जिला कोषालय रायगढ़ में उपस्थित होंगे। गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचायेंगे एवं परीक्षोपरांत केन्द्राध्यक्ष से गोपनीय सामग्री (सील्ड बॉक्स) प्राप्त कर किरोड़ीमल शास.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में जमा करेंगे। परीक्षा केन्द्र 2401-किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक चक्रधरनगर, रायगढ़ में व्याख्याता सुरेन्द्र कुमार चौहान, 2402-केएमटी शासकीय गर्ल्स कालेज रायगढ़ में प्राचार्य उचितराम सिदार, 2403-स्वामी बाल कृष्ण पूरी लॉ कालेज रायगढ़ में व्याख्याता बाबूलाल पटेल, 2404 शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़ में व्याख्याता नरेन्द्र कुमार चौहान, 2412 गुरूद्रोण हायर सेकेण्डरी स्कूल छोटे अतरमुड़ा टीवी टावर के पास रायगढ़ में व्याख्याता नीरज सिंह को आब्जर्वर बनाये गये है।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर

### राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजनाः छूटे एवं नवीन हितग्राही पंजीयन हेतु 10 जून तक कर सकते है आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महात्वाकांक्षी राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत ऐसे हितग्राही जो पंजीयन कराने से छूट गए हैं तथा नवीन आवेदनों की ऑनलाईन प्रविष्टि हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायतों से शीघ्र सम्पर्क कर अपने पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूर, पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार एवं पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी, हाट पहरिया तथा बाजा मोहरिया को शामिल किया गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत पात्र हितग्राही जो पंजीयन कराने से छूटे गए हैं एवं पंजीयन हेतु नवीन आवेदन 10 जून तक प्राप्त किए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत स्तर पर पोर्टल में प्रविष्टि कर पंजीयन 11 जून से 17 जून तक होगा। तहसीलदार आवेदनों का सत्यापन कर 27 जून तक दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे और ग्राम पंचायत स्तर पर पंजीकृत आवेदनों का सूची प्रकाशित करेंगे। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा के समक्ष प्रकाशित सूची को दावा-आपत्ति हेतु 30 जून से 7 जुलाई 2022 तक प्रस्तुत किया जाएगा। गांवों का विशेष ग्राम सभा में 8 जुलाई तक दावा आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। ग्राम सभा से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार पात्र/अपात्र हितग्राहियों का वेबसाईट में जनपद पंचायत स्तर पर अधतीकरण किया जाएगा। जिला कलेक्टरों द्वारा 18 जुलाई को सत्यापित सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा योजनांतर्गत हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने हेतु निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही करने राज्य के सभी कलेक्टरों एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायतों को दिशा-निदेश जारी किए गए है।

### राज्य सरकार की संवेदनशील पहलः वन विभाग में 48 घण्टे के अंदर मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार जनता से जुड़े कार्यों को समय-सीमा पर पूर्ण करने प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में देखने को मिला है, यहां उपवनक्षेत्रपाल के पद पर पदस्थ उदय सिंह कुमरे की आकस्मिक निधन के 48 घंटे के भीतर ही उनके पुत्र आयुष कुमरे को वनरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है। वन विभाग के इस त्वरित फैसले से कुमरे परिवार को बड़ी राहत मिली और उनके द्वारा सरकार का आभार जताया है। गौरतलब है कि 29 मई को उदय सिंह कुमरे की अचानक मौत की सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने राष्ट्रीय उद्यान में अन्य कोई परिक्षेत्र अधिकारी पदस्थ नहीं होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था की, जिसमें खोरबहरा राम कश्यप, उपवनक्षेत्रपाल को प्रभारी पार्क परिक्षेत्र अधिकारी कोटमसर और कोलेंग का प्रभार दिया गया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी तथा मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) अभय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही करते हुए 31 मई को ही निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान गणवीर धम्मशील द्वारा उदय सिंह कुमरे के पुत्र आयुष कुमरे की अनुकंपा नियुक्ति के लिए सूचना जारी कर दी गई। कुमरे परिवार के लिए यह तुरंत मिलने वाली सहायता दुःख के इस कठिन घड़ी में काफी मददगार साबित होगी।

### मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य के माध्यम से 21 लाख से ज्यादा लोगों का इलाज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के शहरी क्षेत्रों की स्लम बस्तियों में निवासरत लोगों को घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा 21 लाख 2 हजार 625 लोगों को निःशुल्क इलाज मुहैया कराया गया है। इसके तहत राज्य के 169 नगरीय निकायों की स्लम बस्तियों में अब तक मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम द्वारा 29 हजार 799 कैम्प लगाकर लोगों की निःशुल्क जांच व उपचार कर दवाईयां दी गई हैं।

# फसल चक्र परिवर्तन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करें : मुख्य सचिव

**इस वर्ष सहकारी बैंक की 50 शाखाओं में एटीएम स्थापित किए जाएंगे**

**खरीफसीजन हेतु 3.23 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण**

**मुख्य सचिव ने की सहकारिता विभाग के काम-काज की समीक्षा**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने मंत्रालय में सहकारिता विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। गन्ना उत्पादक किसानों को वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

मुख्य सचिव ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा कि शक्कर कारखानों में हानि कम हो इसके लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सहकारिता द्वारा किसानों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। बैठक में प्रदेश में किसानों के लिए ज्यादा से ज्यादा बैंक शाखाओं, एटीएम, किसान क्रेडिट कार्ड का विस्तार करने के लिए बैंकों को लक्ष्य दिए जाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इस साल करीब 50 एटीएम स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खरीफ सीजन में उर्वरक वितरण करने के लिए तीन लाख 23 हजार मीट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है। इसी तरह से मार्कफेड के डबल लॉक केन्द्रों में 6.97 लाख मीटिरिक टन खाद भण्डारित किया गया है।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र ही धान उपार्जन केन्द्रों में शेष रह गई धान का उठाव शीघ्र कर लें। बैठक में मुख्य सचिव ने खरीफ सीजन के लिए कृषि ऋण वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन के अंतर्गत धान के अलावा अन्य फसलों के लिए ऋण लेने वाले किसानों को और प्रेरित करने की बात अधिकारियों से कही। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष 2022-23 में किसानों को 5800 करोड़ रूपए के अल्प कालीन कृषि ऋण वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से करीब दो हजार करोड़ रूपए से अधिक का ऋण वितरित कर दिया गया है।

बैठक में विभिन्न सहकारी संस्थाओं के निर्वाचन की स्थिति, गन्ना कारखानों में एथेनॉल संयंत्र की स्थापना की स्थिति, कोण्डागांव मक्का प्रोसेसिंग इकाई की प्रगति तथा मार्कफेड की राइस मिलों का व्यवसायिक उपयोग करने के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बेमेतरा जिले में पीपीपी मॉडल से शक्कर कारखाना स्थापित करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसी तरह से सहकारी शक्कर कारखानों में पॉवर प्लांटों के संचालन की स्थिति और शक्कर कारखानों की विगत तीन वर्षों की लाभ-हानि की स्थिति की विस्तार से चर्चा की गई।

सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक से पूर्व मुख्य सचिव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों से अन्य पिछड़ा वर्ग की गणना विभिन्न माध्यमों से करने एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों के राशनकार्ड बनाने की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग रेणु जी पिल्ले, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी., विशेष सचिव सहकारिता हिमशिखर गुप्ता सहित सहकारिता विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# नए शैक्षणिक सत्र में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष जोरः डॉ. एस. भारतीदासन

स्कूलों का एक माह तक सघन और आकस्मिक निरीक्षण

हर जिला प्रभारी अधिकारी करेगा 10-10 स्कूलों का निरीक्षण

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने नए शैक्षणिक सत्र में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए है। उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र में विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को 16 जून से 15 जुलाई 2022 तक शैक्षणिक संस्थाओं के आकस्मिक निरीक्षण और मॉनिटरिंग करने के साथ ही निर्धारित समय-सीमा के भीतर निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में राज्य स्तरीय अधिकारियों को जिले की शैक्षणिक संस्थाओं के आकस्मिक निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी निरीक्षणकर्ता अधिकारी 15 जून से 15 जुलाई (निरंतर एक माह तक) आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का परीक्षण करेंगे। अनुपस्थित पाये जाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करेंगे। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओ जैसे स्वामी आत्मनन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम शाला, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, निःशुल्क गणवेश वितरण, निःशुल्क सायकल वितरण (2020-21), मध्यान्ह भोजन, आरटीई के तहत प्रवेश, छात्रवृति, महतारी दुलार योजना, उपयुक्त शाला भवन की स्थिति, शौचालय, बालबाड़ी केन्द्रों का संचालन आदि के क्रियान्वयन का परीक्षण करेंगे।

सभी निरीक्षणकर्ता अधिकारी विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे- निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, निःशुल्क गणवेश वितरण, निःशुल्क सायकल वितरण, मध्यान्ह भोजन का संचालन, आरटीई के तहत प्रवेश, छात्रवृति वितरण, महतारी दुलार योजना, बालबाड़ी केन्द्रो का संचालन, माटी पूजन महाअभियान के अंतर्गत शाला परिसर में साग-भाजी के उत्पादन, आदर्श शौचालय, गौठानों व महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा मध्यान्ह भोजन की सामग्री की आपूर्ति के लिए शालाओं के लिंकेज आदि योजनाओं का अवश्य निरीक्षण और मूल्यांकन करेंगे।

# छत्तीसगढ़ी परंपरा और संस्कृति को फिर से स्थापित कर रही राज्य सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू आडिटोरियम में विकासपरक राज्यस्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी का राजनांदगांव जिले के पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों, युवा मितान और ग्रामीणों ने अवलोकन किया। उन्होंने राज्य सरकार के कामों की एक स्वर में सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी परम्परा और संस्कृति को फिर से स्थापित कर रही है।

डोंगरगढ़ ब्लॉक के मुसरा, मुरमुंदा, बोड़ताल और ढरा से आए स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने प्रदर्शनी में जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलावों को देखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वाभिमान की एक नई लहर चली है। अपनी परंपराओं और संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ा जा रहा है। विकास कार्यों की उपलब्धियों का अवलोकन कर उन्होंने कहा कि जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में किया जा रहा प्रयास विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगढ़ जनपद से राजधानी आए विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना जैसी कई योजनाएं प्रकृति की रक्षा के साथ किसानों की आय बढ़ाने में कारगर साबित हो रही हैं। गैर वनीय क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी से वृक्षारोपण करने से हरियाली के साथ शुद्ध पर्यावरण मिलेगा, इससे ग्रामीणों की आर्थिक मदद भी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से गांव के युवा रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ रहे हैं।

# नगरनार स्टील प्लांटः एनएमडीसी को 99 वर्ष की पट्टे पर दी गई है शासकीय भूमि

**छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एनएमडीसी को नहीं बेची गई है भूमि**

**बस्तर अंचल के विकास के लिए निवेश को दिया जा रहा प्रोत्साहन**

**रायपुर।** बस्तर अंचल के सर्वांगीण विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नगरनार में स्टील प्लांट की स्थापना के लिए 99 वर्ष के पट्टे पर भूमि एनएमडीसी को दी गई है। सरकार द्वारा एनएमडीसी को किसी प्रकार की भूमि नहीं बेची गई है और न ही निजी भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर अंचल में उद्योगों की स्थापना और स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नगरनार स्टील प्लांट की स्थापना के लिए एनएमडीसी को जगदलपुर में 146.05 हेक्टेयर शासकीय भूमि आवंटित की गई है। जगदलपुर में नगरनार स्टील प्लांट की स्थापना के लिए किसी प्रकार का निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है। स्टील प्लांट की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा एनएमडीसी को जमीन नहीं बेची गई है।

उद्योग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट को एकीकृत इस्पात प्लांट की स्थापना के लिए ग्राम नगरनार, कस्तूरी, आमागुडा, मंगनपुर आदि ग्रामों की कुल 146.05 हेक्टेयर शासकीय भूमि 99 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर आवंटित की गई है। इस भूमि के पट्टाभिलेख का निष्पादन 14 मार्च 2022 को किया गया है। इस भूमि के आवंटन से विभाग को भू-प्रब्याजी एवं सुरक्षा निधि के रूप में कुल रु 31.14 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई है। एनएमडीसी के द्वारा जगदलपुर में नगरनार स्टील प्लांट की स्थापना में लगभग 20 हजार करोड़ रूपये का निवेश किया जा चुका है। इस प्लांट की स्थापना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में राज्य के लगभग 10 हजार स्थानीय व्यक्तियों के लाभान्वित होने की संभावना है।

## परिवहन मंत्री अकबर ने कराया परिवहन संघों के विवाद का पटाक्षेप

# दोनों संघ एक दूसरे को लोड उपलब्ध कराने सहमत

**रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ व बस्तर परिवहन संघ के मध्य हुआ समझौता**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन तथा परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में हुई बैठक में रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ एवं बस्तर परिवहन संघ के मध्य चल रहे विवाद का पटाक्षेप हो गया। दोनों संघों ने एक-दूसरे को लोड (लदान) उपलब्ध कराने करार कर लिया है।

परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ व बस्तर परिवहन संघ के पदाधिकारियों को अपने निवास कार्यालय में चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया था। उद्योग मंत्री कवासी लखमा, बस्तर के विधायकगण रेखचंद जैन (जगदलपुर), विक्रम मण्डावी (बीजापुर), राजमन बेंजाम (चित्रकोट), परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा, छत्तीसगढ़ राज्य क्रेडा के अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, दंतेवाड़ा से अवधेश गौतम तथा जगदलपुर से राजीव शर्मा की उपस्थिति में दोनों परिवहन संघों के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

बैठक में परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि दोनों परिवहन संघ सामंजस्य बनाकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना व्यवसाय करें। राज्य सरकार उन्हें हर तरह से सहयोग करने तैयार है। उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद दोनों परिवहन संघों को आने वाली कठिनाईयों को दूर किया गया है। बैठक में बस्तर परिवहन संघ एवं रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ के मध्य इस बात पर सहमति प्रदान की गई है कि रायपुर-बस्तर-कोरापुट संघ को बस्तर परिवहन संघ द्वारा प्रति रैक कम से कम 17 ट्रक लोड जगदलपुर से रायपुर के लिए एवं रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ द्वारा बस्तर परिवहन संघ को प्रतिदिन कम से कम 17 ट्रक लोड रायपुर से जगदलपुर प्वाईंट टू प्वाईंट प्रदाय किया जाएगा। डिलीवरी ऑर्डर तथा पर्ची संबंधित एसोसिएशन द्वारा तत्काल ट्रांसपोर्टर या ड्राईवर को प्रदाय किया जाएगा। पर्ची के बिना या बिना बारी के अपनी वाहन भरने वाले ट्रांसपोर्टर को ब्लैक लिस्ट करने एवं जुर्माने की कार्यवाही दोनों एसोसिएशनों के मध्य पारस्परिक समन्वय से किया जाएगा तथा ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाएगा। आपसी प्रतिस्पर्धा में वाद-विवाद से बचा जाएगा एवं कानून तथा समझौते का पालन किया जाएगा। विवाद की स्थिति में परिवहन विभाग के संयुक्त परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित कर समाधान निकाला जाएगा।

बैठक में रायपुर बस्तर कोरापुट परिवहन संघ के जसबीर सिंह ढिल्लन, हरचरण सिंह साहनी, मलूक सिंह, जसविंदर सिंह संधू, हरनीत सिंह, दिवाकर अवस्थी, मनिन्दर जीत सिंह, दलविंदर सिंह, केवल सिंह, भगवंत सिंह, कुलजीत सिंह सिद्धू, जगजीत सिंह, मनप्रीत सिंह तथा बस्तर परिवहन संघ के मलकीत सिंह कोना, राजेश कुमार झा, अमजीत सिंह रियार, प्रदीप पाठक, जीतू यादव, पिल्लू यादव आदि उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

# देश में तेजी से बढ़ रहा डब कंटेंट का चलन महामारी के बाद आया बड़ा बदलाव

देश में इन दिनों डब कंटेंट की डिमांड तेजी से बढ़ती जा रही है। साउथ फिल्में हों या हॉलीवुड कंटेंट डब किए गए ये कंटेंट लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो देश में औसत एवरेज पेड स्ट्रीमिंग ऑडियंस 4.6 भाषाओं में बने कंटेंट देखते हैं, जिनमें से केवल 50 प्रतिशत ऐसे हैं, जिन्हे यह भाषा समझ आती हैं। डब कंटेंट की बढ़ती डिमांड ने हॉलीवुड के साथ-साथ स्पेनिश और कोरियाई जैसी अन्य विदेशी भाषाओं के कंटेंट के विकास को भी बढ़ावा दिया है। हाल ही में सामने आई ऑरमैक्स ओटीटी ऑडियंस प्रोफाइलिंग रिपोर्ट 2022 में यह सामने आया कि कैसे डबिंग ने भारतीय वीडियो कंटेंट के लिए एक उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोल दिए हैं।



कन्नड़ सुपरस्टार यश की फिल्म केजीएफ -2 साल 2022 की सबसे बड़ी एंटरटेनर बनकर उभरी है। फिल्म ने विदेशों सहित कई बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की है। बाहुबली 2: द कन्क्लूजन के बाद हिंदी भाषा में यह फिल्म अब तक की दूसरी सबसे बड़ी घरेलू कमाई करने वाली फिल्म है। केजीएफ: अध्याय 2 और बाहुबली 2 दोनों ही भारत के दक्षिणी हिस्सों की फिल्में हैं, जो मूल रूप से क्रमश: कन्नड़ और तेलुगू में बनाई गई हैं। इसके अलावा एक और तेलुगू फिल्म आरआरआर भी इस साल बड़ी कमाई करने वाली है।

इसके साथ ही मई में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म डॉक्टर स्ट्रेंज: इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस ने अपनी ओपनिंग डे में भारत में जो कलेक्शन किया, वह महामारी शुरू होने के बाद से कोई भी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई। फिल्म का लगभग 50त्न कलेक्शन डब संस्करणों यानी हिंदी, तमिल और तेलुगू से आया है। भारत में डब कंटेंट करीब दो दशकों से मौजूद है। हिंदी मूवी चैनल बीते लंबे समय से साउथ एक्शन फिल्मों के हिंदी-डब संस्करणों को प्रसारित कर रहे हैं। वहीं वजह है कि पिछले 15 वर्षों में दक्षिण भारतीय डब्स की लाइसेंस फीस में दम गुना या ज्यादा की वृद्धि हुई है।

डबिंग के बढ़ते चलने के दो मुख्य कारण है। पहला कारण था बाहुबली फ्रेंचाइजी। फिल्म बाहुबली ने रातों-रात दक्षिण भारतीय डब कंटेंट को कई पायदान ऊपर दिया। उसी दौरान मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स ने भारत में अपना फैनबेस बनाना शुरू कर दिया था, जिससे भारत में हॉलीवुड बॉक्स ऑफिस में वृद्धि हुई, जो साल 2014 से 2019 तक कई गुना बढ़ गई है।

इसके बाद अगला बड़ा बदलाव महामारी के बाद आया जब ओटीटी का चलन देशभर में तेजी से बढ़ गया। इस दौरान दर्शकों के एक बड़े वर्ग ने भाषा समर्थन के जरिए गैर-देशी भाषाओं के कंटेंट (फिल्म और श्रृंखला) को देखना शुरू किया। इसमें न केवल भारतीय भाषाएं और अंग्रेजी शामिल हैं, बल्कि अन्य विदेशी भाषाएं जैसे कोरियाई, स्पेनिश, जर्मन, आदि भी शामिल हैं। स्पेनिश श्रृंखला मनी हाइस्ट 2021 में भारत में सबसे अधिक देखी जाने वाली नेटफ्लिक्स सामग्री थी, जो सभी भारतीय सीरीज और फिल्मों से आगे थी।

# फिल्म रिलीज से पहले अक्षय कुमार बोले, हमें भारतीय राजाओं से ज्यादा आक्रमणकारियों के बारे में पढ़ाया गया

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस शुक्रवार (3 जून) रिलीज होने वाली इस फिल्म के लिए अक्षय जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। इस बीच अक्षय ने एक इंटरव्यू में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से एक खास अपील की है। एक्टर ने सम्राट पृथ्वीराज और महाराणा प्रताप जैसे भारतीय राजाओं से संबंधित कहानियों को इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने की अनुरोध किया है। एएनआई को दिए इंटरव्यू में अक्षय ने कहा कि इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में भारतीय राजाओं के बारे में शायद ही कोई उल्लेख है। जबकि आक्रमणकारियों के बारे में ज्यादा बताया गया है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में लिखने वाला कोई नहीं है।



अक्षय ने कहा, 'दुर्भाग्य से हमारे इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में सम्राट पृथ्वीराज चौहान के बारे में दो-तीन लाइन ही पढ़ने को मिलती हैं लेकिन आक्रमणकारियों के बारे में बहुत कुछ उल्लेख किया गया है। हमारी संस्कृति और हमारे महाराजाओं के बारे में शायद ही कुछ लिखा गया है। अक्षय ने कहा कि सम्राट के बारे में जानने के लिए बहुत कुछ है जिनके बारे में लोगों को बिल्कुल पता नहीं है।'

बता दें कि चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित 'सम्राट पृथ्वीराज' वीर और पराक्रमी राजा पृथ्वीराज चौहान की जीवन पर आधारित है। यह फिल्म क्रूर आक्रमणकारी मुहम्मद गोरी के खिलाफ महान योद्धा की लड़ाई का वर्णन करती है। इस फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में नजर आने वाले हैं। वहीं, मानुषी छिल्लर राजकुमारी संयोगिता के किरदार में दिखेंगी। फिल्म को यशराज फिल्म्स ने बनाया है। फिल्म को भव्य बनाने के लिए मेकर्स ने इस प्रोजेक्ट पर पानी की तरह पैसा बहाया है।

# काम की बात: कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करना होगा बेहद आसान, बस साल में दो बार करना होगा ये काम

बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को हृदय रोगों के प्रमुख कारक के रूप में जाना जाता है। कोलेस्ट्रॉल वैसे तो शरीर के लिए आवश्यक होता है, यह स्वस्थ कोशिकाओं के निर्माण में विशेष भूमिका निभाता है, हालांकि इसकी अधिकता कई प्रकार की समस्याओं का कारण भी बन सकती है। कोलेस्ट्रॉल, दो प्रकार का होता है- गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। रक्त में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ना, हृदय की गंभीर समस्याओं और कुछ स्थितियों में हार्ट अटैक के खतरे को भी बढ़ा सकता है।

कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने के लिए सभी लोगों को स्वस्थ आहार और दिनचर्या को ठीक रखने की सलाह दी जाती है। पर क्या लाख कोशिशों के बाद भी आप कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं? बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने के लिए विशेषज्ञों ने एक खास तरीके के बारे में लोगों के बताया है। इसके लिए आपको किसी दवा के सेवन की भी जरूरत नहीं होगी। साल भर में बस आपको दो इंजेक्शन लेना होगा जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित बनाए रखने में काफी मददगार हो सकेगी। अध्ययन के परिणाम को न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित किया गया है। हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या के शिकार लोगों के लिए इसे काफी बेहतरीन उपाय के तौर पर देखा जा रहा है।

## दो इंजेक्शन से बन जाएगा काम

इंजेक्शन के कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाले प्रभावों के बारे में जानने के लिए शोधकर्ताओं ने अध्ययन में पाया कि यह आपकी समस्या को कम करने में काफी सहायक हो सकती है। इनक्लिसिरन नामक इस इंजेक्शन को साल में बस दो बार लेने की जरूरत होगी, जो एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल के जोखिम को कई गुना तक कम करने में मददगार पाई गई है। प्रारंभिक नैदानिक परीक्षण के आंकड़े इसमें काफी संतोषजनक पाए गए हैं। हालांकि बिना डॉक्टरी सलाह के यह इंजेक्शन लेना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

इंपीरियल कॉलेज लंदन में प्रोफेसर डॉ कौसिक रे कहते हैं, शोध में पाया गया है कि यह दवा, इंजेक्शन के रूप में लेने से एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को आधा या उससे अधिक कम करने में सहायक है। इसका प्रभाव चार से छह महीने तक रहता है। शोधकर्ताओं का मानना है कि हृदय रोगों के बढ़ते खतरे को कम करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल, वैश्विक स्तर पर तेजी से रिपोर्ट की जा रही गंभीर समस्याओं में से एक है, जिसे कंट्रोल में रखना बहुत आवश्यक माना जाता है।

## एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए अन्य उपाय

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सभी उम्र के लोगों को कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने के उपाय करते रहना चाहिए। इसके लिए आहार और दिनचर्या को ठीक रखना सबसे प्रभावी तरीका माना जाता है। फल, सब्जियां, साबुत अनाज और बीन्स जैसी चीजों का सेवन बढ़ाने के साथ वसा के सेवन को कम करें। प्रोटीन के लिए पौधे पर आधारित आहार के सेवन पर अधिक ध्यान दें। रिफाइंड अनाज आदि का सेवन कम करें और नियमित रूप से वॉक करने की आदत बनाकर इस गंभीर समस्या को आसानी से नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

# ये चार आदतें छोड़कर करीब 20 बीमारियों से रह सकते हैं सुरक्षित, कहीं आप भी तो नहीं करते हैं ये काम ?

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए आहार और जीवनशैली को ठीक रखना सबसे आवश्यक माना जाता है। इनमें होने वाली कोई भी गड़बड़ी कई तरह की गंभीर बीमारियों के जोखिम को बढ़ा देती है। पिछले कुछ समय से बढ़ती बीमारियों की सूची देखें तो स्पष्ट होता है कि ज्यादातर रोग आहार और जीवनशैली की खराबी से ही संबंधित हैं, यानी कि अगर इसमें सुधार कर लिया जाए तो जीवन को स्वस्थ बनाए रखा जा सकता है। हालांकि ज्यादातर लोगों को पता ही नहीं होता है कि रोजाना वह जाने-अनजाने कई ऐसे काम करते रहते हैं जिनसे बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है।

विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी की कोई न कोई एक (या शायद अधिक) बुरी आदत होती है जिसे दूर करना मुश्किल होता है। कभी-कभी हमें इसका अंदाजा भी नहीं होता कि यह आदतें हमारे शरीर को गंभीर रूप से बीमार तक कर सकती हैं। हृदय रोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, प्रजनन विकार, मानसिक स्वास्थ जैसी समस्याओं के लिए जीवनशैली की गड़बड़ आदतों को ही मुख्य कारक माना जाता है। आइए जानते हैं कि कई गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए हमें किन आदतों से तुरंत दूरी बना लेनी चाहिए?

## शराब और सिगरेट सबसे नुकसानदायक

शराब और सिगरेट के सेवन की आदत शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। कम मात्रा में भी इनके सेवन के गंभीर नुकसान हो सकते हैं। सिगरेट को फेफड़े-हृदय सहित मस्तिष्क से संबंधित कई तरह की बीमारियों का कारण माना जाता है, इसी प्रकार शराब का सेवन शरीर के कई अंगों को गंभीर क्षति पहुंचा सकती है। इस आदत को छोड़कर आप कई गंभीर बीमारियों के खतरे को काफी कम कर सकते हैं।

## नींद पूरी न करना

जिन लोगों की रोजाना रात में नींद पूरी नहीं होती है या जो रोज रात में 6 घंटे से कम सोते हैं उनकी उत्पादकता और कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर देखा जा सकता है। नींद की कमी उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, अवसाद, दिल का दौरा पड़ने और स्ट्रोक जैसी गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों का कारण बन सकती है। वयस्कों को हर रात 7-8 घंटे की नींद की आवश्यकता होती है। कोशिश करें कि जल्दी सो जाएं और पर्याप्त नींद लें ताकि आपका शरीर बेहतर तरीके से काम कर सके।

## गतिहीन जीवशैली

व्यायाम की कमी या एक ही जगह पर लंबे समय तक बैठे रहने की आदत आपकी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक मानी जाती है। गतिहीन जीवनशैली न केवल मांसपेशियों को कमजोर करती है बल्कि कई प्रकार के अन्य बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ा देती है। ऐसे लोगों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर,मोटापा, हृदय रोग, ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या काफी अधिक होती है।

## पानी कम पीना

यदि आप भी कम पानी पीते हैं तो इससे शरीर को कई प्रकार से नुकसान हो सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि वयस्कों को एक दिन में औसतन 4-5 लीटर तरल पदार्थ पीना चाहिए। यह आपकी उम्र, शारीरिक गतिविधि, समग्र स्वास्थ्य और मौसम की स्थिति के आधार पर भिन्न हो सकता है। पानी न पीने से किडनी-लिवर सहित संपूर्ण स्वास्थ्य पर गंभीर रूप से नकारात्मक असर हो सकता है।

# तबियत बिगड़ने की वजह से नकुल मेहता हुए हॉस्पिटल में एडमिट

टीवी एक्टर नकुल मेहता की हाल ही में तबियत बिगड़ गई और इस वजह से उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराना पड़ा। इस खबर के सामने आते ही उनके फैंस एक्टर की तबियत के जल्द ठीक होने की प्रार्थना कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक हॉस्पिटल आने के बाद डॉक्टर्स ने उनकी छोटी सी सर्जरी भी की है। इस बीच खबरें यह भी आ रही हैं कि नकुल ने कुछ दिनों के लिए 'बड़े अच्छे लगते हैं 2' की शूटिंग से ब्रेक ले लिया है। अब नकुल शो पर कब वापसी करेंगे। इस बात की जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

39 साल के नकुल ने 2012 में प्रसारित हुए सीरियल 'प्यार का दर्द है, मीठा-मीठा प्यारा-प्यारा' से टेलीविजन डेब्यू किया था। नकुल ने मुंबई यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ कॉमर्स की डिग्री ली है। कॉलेज के दिनों में ही वो थिएटर से जुड़ गए थे। इस दौरान उन्होंने जैज, हिप हॉप, ब्रेक, फॉक, साल्सा और कंटेम्प्रेरी सीखा था। वो टीवी में एक्टिंग के साथ-साथ मॉडलिंग और कई म्यूजिक वीडियो में भी नजर आ चुके हैं।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

## खास खबर

### राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**कांकेर।** जिले के दल्लीराजहरा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार के लिए तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जिला न्यायाधीश बालोद डॉ. प्रज्ञा पचौरी, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिखलाकसा में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अस्पताल के स्टाफ एवं उपस्थित आमजनो को सतीश कुमार खाखा व्यवहार न्यायाधीश/ अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति दल्लीराजहरा के द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस क्यो मनाया जाता है, एवं उनके उद्देश्य व तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे जानकारी देते हुए तम्बाकू का सेवन स्वयं एवं अपने परिवार व अपने मित्रों के लोगो को नही करने के संबंध में शपथ दिलाया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के प्रभारी डॉ. जेके चुनाकर, डॉ. भुआर्य एवं दीपक साहू, पीएलवी उपस्थित रहे।

### नेहरु युवा केंद्र संगठन राज्यस्तरीय साइकिल रैली का आयोजन करेगा

**रायपुर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर और आजादी के अमृत महोत्सव तहत नेहरु युवा केंद्र संगठन रायपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 03 जून, 2022 (शुक्रवार) को सुबह 08.00 बजे, कलेक्टर कार्यालय परिसर, रायपुर से तेलीबांधा तक राज्यस्तरीय साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में विभिन्न युवा मंडल के सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं विभिन्न खेल संघ के खिलाडी शामिल होंगे। नेहरु युवा केंद्र संगठन रायपुर के राज्य निदेशक, कांत पाण्डेय ने बताया कि पुरे भारत वर्ष में नेहरु युवा केंद्र संगठन द्वारा सभी राज्य की राजधानियों में सहित भारत के 75 विशेष स्थलों एवं जिलास्तर पर साइकिल रैली का आयोजन 03 जून को किया जा रहा है। तारतम्य में राज्यस्तरीय रैली रायपुर में और विशेष स्थल सिविक सेन्टर भिलाई एवं रतनपुर फोर्ट, बिलासपुर में उक्त रैली का आयोजन किया जा रहा है।

# सूरत हवाई अड्डे का विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ समग्र विकास होगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** गुजरात की वित्तीय राजधानी और भारत में हीरा और कपड़ा व्यवसाय का केंद्र सूरत बड़ी संख्या में हवाई यात्रियों को आकर्षित करता है। हवाई यात्रियों की संख्या में शानदार बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) 353 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ सूरत हवाई अड्डे के समग्र विकास के लिए व्यापक स्तर पर काम कर रहा है।

विकास परियोजना में मौजूदा टर्मिनल भवन का 8474 वर्गमीटर से 25520 वर्गमीटर तक विस्तार शामिल है। टर्मिनल भवन के विस्तार के अलावा, विमान खड़ी करने की जगह का पांच पार्किंग बे से बढ़ाकर 18 पार्किंग बे तक विस्तार और समानांतर टैक्सी ट्रैक (2905 मीटर ङ्ग 30 मीटर) का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

परियोजना के पूरा होने के बाद नये अत्याधुनिक विस्तारित टर्मिनल भवन में व्यस्त समय के दौरान 1200 घरेलू और 600 अंतर्राष्ट्रीय यात्री आ-जा सकेंगे और इस तरह नए टर्मिनल भवन की वार्षिक यात्री क्षमता 26 लाख हो जाएगी। सभी आधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस, टर्मिनल भवन में 20 चेक-इन काउंटर, पांच एयरोब्रिज, इन-लाइन बैगेज हैंडलिंग सिस्टम, आने वाले यात्रियों के लिए पांच कन्वेयर बेल्ट होंगे। नए टर्मिनल भवन में 475 कारों को खड़ी करने की क्षमता वाला एक पार्किंग क्षेत्र भी होगा।

यह टर्मिनल संवहनीयता विशेषता के साथ 4-सितारा गृह (जीआरआईएचए) रेटेड ऊर्जा कुशल भवन होगा। टर्मिनल भवन के अंदरूनी भाग में गुजरात की कला और संस्कृति की झलक होगी। टर्मिनल भवन के विस्तार का 58 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है और भवन 31 दिसंबर 2022 तक बनकर तैयार हो जाएगा।

सूरत हवाई अड्डा बड़ी संख्या में देश भर के व्यापारिक समुदाय की सेवा करेगा क्योंकि यह देश भर के 16 शहरों से सीधे जुड़ा हुआ है। हवाई अड्डे का नया विश्व स्तरीय टर्मिनल भवन इस औद्योगिक शहर से कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

### रायपुर विकास योजना - 2031 की कार्यशाला संपन्न

# प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 31 मई को चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेम्बर के प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर विकास योजना के संबंध में आवास एवं पर्यावरण, वन, परिवहन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में महत्वपूर्ण सुझाव दिए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि आवास एवं पर्यावरण, वन, परिवहन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में विभिन्न एसोसिएशन एवं संघों के प्रतिनिधियों से उक्त विषय पर सुझाव मांगे गए थे इसी तारतम्य में चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने माननीय मंत्री मोहम्मद अकबर जी के समक्ष अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये जो निम्न प्रकार थे।

पार्किंग:- शहर की बढ़ती जनसंख्या वजह से कई रोड़ हो रहे ट्रेफिक जाम की वजह से बाधित रहते हैं जिसका मुख्य कारण रोड पर पार्किंग है, जिसे नियमित पार्किंग स्थल का निर्माण कराकर दुरुस्त किया जा सकता है। इसमें जयस्थम्भ मल्टीलेवल, कचहरी चौक पार्किंग की तरह 8 से 10 मल्टीलेवल पार्किंग स्थानों की आवश्यकता है।

खेल मैदान:- शहर के खेल के मैदान आबादी के अनुरूप प्लान में शामिल किया जाना चाहिए कांक्रीट एवं निर्माण के वजह से घटते भू जल स्तर के सुधार में भी यह सहायक होंगे।

नाले एवं नालियों का जल शोधन कर शोधित जल का बड़े पार्क के गार्डनिंग में उपयोग किया जाना भविष्य में बेहतर वाटर मैनेजमेंट होगा।

शहर के पूर्व के मास्टर प्लान में लगभग 80 मुख्य सड़कों को दर्शाया गया था परंतु इसमें 40 के लगभग सड़क अस्तित्व में ही नहीं आए हैं या आवश्यकता अनुसार नहीं है जो बढ़ती आबादी के संचलन में सहायक होंगे।

शहर के भीतर स्कूलों तथा कॉलेजों में बच्चे निजी वाहन अथवा पालक अपने वाहनों से लाते ले जाते हैं जिसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट में परिवर्तित किया जाने का प्रयास होना चाहिए जिससे शहर में अनावश्यक वाहनों की आवाजाही सीमित होगी एवं ट्रैफिक का दबाव भी सड़कों पर कम होगा।

हम मुख्य शहर की सड़कों की चौड़ाई तो नहीं बढ़ा सकते परंतु शहर के भीतर आने के प्रवेश मार्गों पर बस टर्मिनल हो तथा प्रत्येक बस टर्मिनल से शहर के विभिन्न स्थानों हेतु सिटी बस उपलब्ध हो, जिससे शहर के भीतर ट्रैफिक का दबाव तथा वाहनों की संख्या नियंत्रित रहेगी।

शहर के 15-20 किलोमीटर की परिधि में हरियाली प्रोत्साहन के लिए 10000 स्क्वायर फीट के प्लॉट पर भी शर्तों के साथ 20 प्रतिशत निर्माण तक की छूट फार्महॉउस के लिए प्राप्त हो जिससे हरियाली बढ़ाई जा सकती है।

शहर में बिजली विभाग द्वारा खंभे लगाए जाते हैं कई बार अव्यवस्थित एवं बिना योजना के लगाये जाते हैं जो दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं तथा ट्रैफिक भी जाम करते हैं जिसे पूर्वनिर्धारित एवं सुनियोजित तरीके से लगाया जाना चाहिए एवं इसके लिए आवश्यक प्लानिंग होनी चाहिए।

शहर के भीतर अनेक स्थान आज थोड़ी सी बारिश में भी जलभराव से प्रभावित होते है।

वर्तमान एवं भविष्य में निर्माण होने वाली ड्रेनेज तथा सीवरेज लाइन 20 से 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए निर्माण होनी चाहिए एवं ड्रेनेज लाइन नेटवर्क को दुरुस्त करने की आवश्यकता है।

शहर के भीतर सड़क मरम्मत कार्य में भी सड़क की ऊंचाई निर्धारित हो कई स्थानों पर सड़क की ऊंचाई घरों तथा दुकानों की प्लिंथ की ऊंचाई से अधिक होती है।

## सारंगढ़ के गौठानों में मल्टी एक्टिविटी सेंटर्स के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने सारंगढ़ के गौठानों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मल्टी एक्टिविटी सेंटर्स में महिला समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा विविध प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे है। जिसके विक्रय में वृद्धि के लिए मार्केट लिंकेज को बढ़ावा देना होगा। जिससे मांग व आपूर्ति का एक व्यवस्थित चक्र तैयार हो। उन्होंने स्थानीय स्तर पर इन उत्पादों के विक्रय के साथ ही ब्लाक में महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को भी सी-मार्ट में भी विक्रय के लिए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह निरीक्षण में सबसे पहले सारंगढ़ विकासखण्ड के छिंद गोठान पहुंचे। यहां उन्होंने महिला समूहों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न गतिविधियों को देखा तथा उनके इस संबंध में चर्चा की। इस गौठान में महिलाओं द्वारा वाशिंग पाउडर, दोना-पत्तल, मसाले तथा बड़ी तैयार करना, झाड़ू निर्माण, कपड़े के बैग तैयार करने का काम किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने यहां इंस्टाल की गयी मशीनों के संचालन की अच्छे से ट्रेनिंग देने तथा तैयार प्रोडक्ट की क्वालिटी बढिया रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां तैयार किए जा रहे बैग को सी-मार्ट में भी रखने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने गौठान में गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट की उत्पादन की मात्रा को नाकाफी बताते हुए उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही यहां आने वाले पशुओं की संख्या को भी बढ़ाने के लिए कहा। इसके लिए पशु शेड बनवाने के भी निर्देश दिए। गौठान में महिला समूहों द्वारा सब्जी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। उसकी आवश्यक सुरक्षा के लिए फेंसिंग का काम पूरा करवाने के निर्देश उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत को दिए। कलेक्टर सिंह इसके पश्चात घटोरा गौठान के निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने यहां पर महिला समूह द्वारा तैयार किए जा रहे पेवर ब्लाक तथा अन्य उत्पादों को देखा। कलेक्टर सिंह ने महिला समूह की काम की तारीफ करते हुए यहां के उत्पादों का भी मार्केट लिंकेज करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सारंगढ़ जिले के ओएसडी डी.राहुल वेंकट, ओएसडी पुलिस राजेश कुकरेजा, एसडीएम नंदकुमार चौबे, एसडीओपी प्रभात पटेल, सहायक संचालक पंचायत महेश पटेल, सीईओ जनपद अभिषेक बनर्जी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान सारंगढ़ स्थित टसर सिल्क यॉर्न प्रोडक्शन सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां रेशम के ताने और बाने तैयार करने के लिए इंस्टॉल किए गए मशीनों का जायजा लिया।

साथ ही प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं से भी चर्चा की। उन्होंने रेशम अधिकारी से कहा कि मॉस्टर ट्रेनर द्वारा यॉर्न प्रोडक्शन की अच्छे से ट्रेनिंग करवायी जाए तथा जल्द उत्पादन शुरू किया जाए। ज्ञात हो कि कलेक्टर सिंह की पहल पर इस केन्द्र में 16 लाख रुपये की लागत से रेशम के ताने और बाने तैयार करने की मशीनें लगायी गयी है। छत्तीसगढ़ में कोरबा के पश्चात रायगढ़ का सारंगढ़ केन्द्र दूसरा स्थान होगा जहां यह रेशमी ताने तैयार किए जायेंगे। इसके लिए दिल्ली से मंगायी गई तानों की 16 व बानों की 16 व धागों की रीलिंग करने की 4 मशीने सहित कुल 36 मशीनें लगायी गयी है। अभी तक यह ताने मुख्य रूप से बाहर से आयात किए जाते थे, जो कि अब यही तैयार किये जायेंगे।

# शहरी गरीबी उपशमन विभाग ने नल कनेक्शन, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन के लिए लगाया शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के शहरी गरीबी उपशमन विभाग द्वारा महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त प्रभात मलिक, शहरी गरीबी उपशमन विभाग अध्यक्ष सहदेव व्यवहार के आदेशानुसार सभी 10 जोनों के एक-एक वार्ड में एक दिन के अंतराल में वार्डवासियों की सुविधा हेतु नल कनेक्शन, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन से संबंधित सभी कार्यो के लिए शिविर का आयोजन जारी है।

स क्रम में आज जोन 1 द्वारा वीर षिवाजी वार्ड क्रमांक 16 में शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के प्राप्त सभी 17, राशन कार्ड के 5, नल कनेक्शन के 1 आवेदन का तत्काल निराकरण किया गया। इसी प्रकार जोन 2 ने इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 20 में निराश्रित पेंशन के सभी 4, राशन कार्ड के सभी 11 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जोन 4 ने सिविल लाईन्स वार्ड क्रमांक 47 के रावण पुतला के पास शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के सभी 7 एवं राशन कार्ड के सभी 7 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जोन 5 ने पंडित वामनराव लाखे वार्ड क्रमांक 66 में शिविर लगाकर प्राप्त निराश्रित पेंशन के सभी 26 आवेदनों एवं नल कनेक्शन के 1 आवेदन का तत्काल निराकरण किया। जोन 6 ने शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62 में निराश्रित पेंशन के प्राप्त 3 आवेदनों के निदान हेतु नियमानुकुल प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। शिविर में स्थल पर प्राप्त राशन कार्ड के सभी 8 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जोन 7 द्वारा तात्यापारा वार्ड क्रमांक 37 में शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के सभी 5, राशन कार्ड के सभी 12, नल कनेक्शन के 5 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जोन 9 द्वारा महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 32 में शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के प्राप्त 1 आवेदन एवं राशन कार्ड के सभी 12 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जोन 10 द्वारा कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 में शिविर लगाकर नल कनेक्शन के प्राप्त सभी 8 एवं राशन कार्ड के सभी 20 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि सभी 70 वार्डो में जोन स्तर पर एक दिन के अंतराल में जनसुविधा की दृष्टि से नगर निगम रायपुर के शहरी गरीबी उपषमन विभाग द्वारा निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, नल कनेक्शन से संबंधित समस्त कार्यो में आवेदन लेकर स्थल पर ही उनका तत्काल निराकरण करने शिविर लगाये जा रहे है। सभी 10 जोनो के एक-एक वार्ड में शिविर अब 3 जून एवं 6 जून 2022 को आयोजित किये जायेंगे।

महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त प्रभात मलिक एवं नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन विभाग अध्यक्ष सहदेव व्यवहार ने रायपुर नगर पालिक निगम शहरी गरीबी उपशमन विभाग की ओर से समस्त नगरवासियों से एक बार फिर राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, नल कनेक्शन के लिए वार्डो में लगाये जा रहे शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उसका पूर्ण वांछित लाभ उठाने का आव्हान किया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन एवं प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)**

**/ / ईश्तहार / /**

रा.प्र.क्र.- 202205100600016

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा, तह. पाटन, जिला- दुर्ग (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मंदा देशमुख पति रामेश्वर निवासी गांधी नगर वार्ड-14 भिलाई- 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा गांधीनगर वार्ड 14 भिलाई-3 प.ह.नं.-01 रा.नि.म. भिलाई-3 तहसील पाटन जिला दुर्ग मे स्थित भूमि खसरा नं. 381/2 भू-खण्ड क्रमांक 307 रकबा 48 वर्गमीटर अर्थात 516 वर्गफीट को अपने पति रामेश्वर के मृत्यु होने के कारण प्राप्त राजीव गांधी आश्रय पट्टा को अपने नाम से जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त आवेदित भूमि का पट्टा प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो स्थय या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई नियत दिनांक 07/06/2022को न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पाटन जिला-दुर्ग


अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri,
Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
start 17500/-
Bajaj Finance Available
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7
Dakshin gangotri, Supela, Bhilai
Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI,
Oppo, Vivo, Nokia, HTC,
Blue tooth Charger,
Power Bank, Ear Phone,
BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh
Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### फंदे में लटका मिला नव विवाहित दंपत्ति का शव, चार महीने पहले की थी लव मैरिज

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के सिविल लाइन इलाके में एक मकान में नव विवाहित दंपत्ति की लाश फंदे से लटकती मिली। पुलिस ने आशंका जताई है कि दोनों ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट के बाद मौत की वजह का पता चल सकेगा। घटना स्थल से किसी भी तरह का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक जोगेश बघेल अमलीडीह और मृतिका नीरा नायक गुढ़ियारी की रहने वाली थी। दोनों ने चार महीने पहले ही लव मैरिज की थी। तब से एक साथ ही सिविला लाइन के तरूण लगर में किराए के मकान में रहते थे। युवक एक निजी संस्थान में प्राइवेट नौकरी कर रहता था। सोमवार रात लगभग 12 बजे दिन भर कोई हलचल नहीं होने से मकान मालिक से दरवाजा खटखटाया। अंदर से दरवाजा बंद था और किसी की आवाज नहीं आ रही थी। अनहोनी की आशंका होने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने रात होने की वजह से कमरे को सील कर दिया। मंगलवार सुबह दोनों का पंचनामा कर फारेंसिक की टीम और पुलिस की टीम ने आगे की कार्रवाई की।

### पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला करने वाले चार गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से प्राण घातक हमला करने वाले चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दो आरोपित नाबालिग हैं। गिरफ्त में आए युवकों में लोकेश विश्वकर्मा और रीतिक नायक शामिल है। सुनीता साहू ने पुलिस को बताया कि तेलीबांधा में शिव मंदिर के पास रहती है। मंगलवार की दोपहर 12 बजे उसके जेठ के लड़के राजू साहू को मोहल्ले में रहने वाले चार युवक दौड़ा रहे थे। राजू अपनी जान बचाकर घर के अंदर घुस गए। आरोपित शिकायतकर्ता के बेटे अनुराग साहू उर्फ मोनू को इंद्रा चौक के पास दिखा तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। इससे मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### कपड़ा कारोबारी अवैध पिस्टल के साथ एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर एयरपोर्ट में एक युवक के पास पिस्टल मिलने से हड़कंप मच गया। कपड़ा कारोबारी जय थदानी को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना माना कैंप में आर्म्स एक्ट के तहत आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। माना थाना प्रभारी एलेक्जेंडा किरो के ने बताया कि आरोपित मूलत: बिलासपुर का रहने वाला जय थडानी रायपुर में पकड़े की दुकान का संचालन करता है। रायपुर से बैंगलोर जाने वाली फ्लाइट में यात्रा करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था। वहां जांच के दौरान उसकी बैग में सीआइएसएफ के जवान ने स्केनिंग के दौरान पिस्टल पाया। जय को टीम ने तत्काल अपने कब्जे में ले लिया। इसकी सूचना माना थाने को दी गई।

पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित का कहना है कि उसकी बैग में पिस्टल कैसे आया यह उसे नहीं मालूम। पुलिस उससे विस्तृत पूछताछ में जुटी हुई है। आखिर पिस्टल आई कहां से है। उसके फोन नंबर से तलाश की जा रही है। पुलिस को शक है कि आरोपित किसी को सप्लाई या फिर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

#### राज्य महिला आयोग की समझाइश

# पति अपनी पत्नी को गुजारा के लिए 10 हजार रुपये प्रतिमाह देने को राजी

**प्रताड़ित होने पर महिला संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट कराने स्वतंत्र**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने शास्त्री चौक स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में महिलाओं की शिकायतों के निराकरण के लिए सुनवाई की गई। जनसुनवाई में 29 प्रकरण रखे गए थे, जिसमें 7 प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

एक मामले में पति, पत्नी और 3 बच्चों का पालन-पोषण नही कर रहा था। जिसकी शिकायत पत्नी ने आयोग में की। आयोग में सुनवाई के बाद पति-पत्नी को साथ ले गया था। उसके बाद भी पति अपनी पत्नी और बच्चों का ध्यान नहीं रख रहा है। उसने पत्नी से मोबाईल भी छीन लिया है और उसे अपने माता-पिता से बातचीत करने से भी रोकता है। इसमें पति के माता-पिता भी साथ देते हैं। पत्नी की इस शिकायत पर आयोग ने पति को निर्देशित किया कि भविष्य में यदि किसी भी तरह का दुर्व्यवहार पत्नी से किया जाता है तो पत्नी संबंधितों के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कर सकती है। अनावेदक पति गोदावरी प्लांट पर वाहन चालक का काम करता है। उसका 20 हजार रुपये मासिक वेतन भी है। आयोग की समझाइश पर पति अपनी पत्नी को घर चलाने और गुजारे के लिए 10 हजार रुपये प्रतिमाह देने के लिए राजी हो गया। प्रकरण को एक वर्ष तक निगरानी में रखा गया है। इसी प्रकार के एक घरेलू विवाद के प्रकरण में पति-पत्नी आयोग की समझाइश पर आपसी राजीनामा और समझौते के आधार पर एक साथ रहने तैयार हुए। इस प्रकरण को तीन माह के निगरानी में रखा गया।

#### घूस लेकर काम न करने वाला पटवारी गिरफ्तार

# जमीन का नक्शा ठीक कराने 4 हजार लिए, फिर भी काम नहीं किया, नायब तहसीलदार ने कराई एफआईआर

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांजगीर-चांपा में किसान से घूस लेकर भी काम नहीं करने वाले पटवारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। किसान ने डरा धमकाकर रुपए मांगने की शिकायत नायब तहसीलदार से की थी। इसके बाद नायब तहसीलदार ने पामगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। जिले में यह अपनी तरह से पहला मामला है। एक दिन पहले ही पटवारी को सस्पेंड किया गया था।

पामगढ़ के नायब तहसीलदार अभिजीत राजभानु ने हल्का नंबर 23 के पटवारी देवेंद्र कुमार साहू के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इसमें बताया गया है कि 31 मई को कोड़ाभाठ के किसान राजकुमार कुर्रे ने पटवारी के खिलाफ उनको शिकायत दी है। आरोप लगाया है कि उसे डरा धमका कर काम कराने की एवज में 4000 रुपए वसूले गए। इसके बाद भी उसका काम नहीं किया गया।

### 3 अप्रैल को 500-500 के 8 नोट लिए थे पटवारी ने

दरअसल, पामगढ़ तहसील के कोड़ाभाठ गांव के किसान राज कुमार कुर्रे को पैसों की जरूरत थी। वह अपनी जमीन बेचना चाहता था, लेकिन नक्शा राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त नहीं था। इसके चलते नक्शा अपडेट कराने के लिए वह हल्का नंबर 23 के पटवारी देवेंद्र साहू के पास चक्कर लगा रहा था। आरोप है कि कई बार चक्कर लगाने के बाद पटवारी ने उससे 4 हजार रुपए मांगे।

किसान राज कुमार तय तिथी पर पटवारी कार्यालय पहुंचा और 500-500 के 8 नोट उसके हाथ में थमा दिए। पटवारी ने भी रुपए मेज की दराज में रख लिए। इस दौरान किसान ने अपने सहयोगी की मदद से उसका वीडियो बना लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक ही दिन पहले ही पामगढ़ एसडीएम भास्कर सिंह मरकाम ने पटवारी को सस्पेंड कर दिया था।

### तीन साल की सजा का प्रावधान, नही कर सकते समझौता

कानूनविदों के अनुसार आईपीसी की धारा 384 के तहत किसी व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर आघात के भय में डालकर जबरदस्ती वसूली करना की प्रवृत्ति का अपराध शामिल है। जबरदस्ती वसूली करने पर तीन साल तक की सजा या जुर्माने या दोनों से दंडित किया जा सकता है। यह अपराध समझौता करने योग्य नहीं है।

# रतनपुर थाना परिसर में रखे वाहनों में लगी आग, 51 मोटरसाइकिल खाक

**बिलासपुर (ए)।** रतनपुर थाना परिसर में रखे वाहनों में बुधवार की सुबह आग लग गई। इससे अलग-अलग प्रकरण में जब्त वाहनों को नुकसान पहुंचा है। थाने में तैनात जवानों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। तब तक कई वाहन पूरी तरह से जल चुके थे। आग बुझाने के बाद पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

रतनपुर थाना प्रभारी एएसआई विजय सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह अलग-अलग प्रकरण में जब्त वाहनों में आग लग गई। इससे थाना परिसर में खड़े 51 दोपहिया वाहन पूरी तरह से जल गए। इसके अलावा कई साइकिलें भी इसकी चपेट में आ गईं। आग पुराने थाना परिसर तक पहुंच गई थी। इस दौरान जवानों ने आग पर काबू पा लिया। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। इसकी सहायता से आग पूरी तरह बुझा लिया गया।

### पुराने भवन में रखे हैं ज्वलनशील पदार्थ

रतनपुर थाना परिसर में जब्त वाहनों को रखा गया था। पुराने थाना भवन में अगल-अलग मामलों में जब्त पेट्रोल, डीजल समेत अन्य ज्वलशील पदार्थ रखे गए हैं। आग की लपटें पुराने थाना भवन तक पहुंच रही थी। इससे जवानों को आग भड़कने की आशंका थी। किसी तरह जवानों ने आग को काबू पा लिया।

घटना की सूचना पर एसडीओपी आशीष अरोरा रतनपुर थाने पहुंचे। उन्होंने थाने में तैनात जवानों से घटना के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। प्राथमिक जांच में घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### 10 साल से ज्यादा समय से रखे थे वाहन

एएसआई विजय सिंह ने बताया कि अधिकतर वाहन 10 साल से थाने में जमा थे। न्यायालय से मामले का निपटारा नहीं होने के कारण इन्हें थाने में रखा गया था। कई वाहन लंबे समय तक रखे होने के कारण कबाड़ हो चुके थे। चेचिस नंबर के आधार पर वाहनों की पहचान की जाएगी।

# एसआरपीएफ जवानों ने सर्विस रायफल से एक-दूसरे को मारी गोली, दोनों की मौत

**गढ़चिरौली (ए)।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर स्थित गढ़चिरौली जिले से बड़ी खबर आ रही है। नक्सली बेल्ट में तैनात स्टेट रिजर्व पुलिस फोर्स के दो जवानों ने एक दूसरे को गोली मार ली। आपसी विवाद के बाद यह खौफनाक घटना घटी है। इसके बाद दोनों को साथी जवानों ने अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। फिलहाल इस मामले में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है।

मिली जानकारी के मुताबिक गढचिरौली जिले के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मरपल्ली के पुलिस सहायता केंद्र में दोनों जवान पदस्थ थे। बताया जा रहा है कि बुधवार को दोनों जवानों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक दूसरे पर सर्विस रायफल तान दी। गुस्से में दोनों ने एक-दूसरे पर अपनी-अपनी सर्विस राइफल से गोली चला दी।

गोली की आवाज सुनने के बाद पुलिस सहायता केन्द्र में तैनात साथी जवान भी मौके पर पहुंच गए। यहां दोनों जवान खून से लथपथ पड़े थे। जवानों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया लेकिन इससे पहले ही दोनो की मौत हो गई। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है। अधिकारियों ने घटना स्थल का भी मुआयना किया है। मृतक जवानों के नाम श्रीकांत बेयर्ड और बंदू नवाथरे दौंड है और दोनों को पुणे स्थित एसआरपीएफ कैंप से तैनाती पर भेजा गया था। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है और अधिकारी मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

### ऐसे ही मामले में 20 से ज्यादा जवानों की गई है जान

छत्तीसगढ़ के बस्तर में पिछले 3-4 सालों में ऐसी ही घटनाओं में कुल 20 से ज्यादा जवानों ने अपनी जान गवाई हैं। सबसे ज्यादा नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा के बेहद ही संवेदनशील इलाकों में स्थित सुराक्षबलों के कैंप में इस तरह की घटनाएं हुई हैं। अपने साथियों से मजाक-मस्ती करना इन सब की मौत की सबसे बड़ी वजह बनी है।

# चेक बाउंस होने पर भी नहीं किया रकम वापस, कोर्ट ने सुनाई छह माह की सजा

**रायपुर (ए)।** चेंक बाउंस होने के बाद भी रकम वापस नहीं करने वाले आरोपी को अदालत ने छह माह कैद व तीन लाख 10 हजार रुपये दो महीने के अंदर देने की सजा सुनाई है। न्यायिक दंडाधिकारी निधि शर्मा ने यह सजा सुनाई। महानिधि फाइनेंस के अधिवक्ता चन्द शेखर श्रीवास्तव ने बताया की आरोपी सविता महिलांगे ने अपने पति राजेंद्र महिलांगे के द्वारा लिए गए उधार के तीन लाख रुपऐ को लौटाने के लिए अपने खाते से तीन लाख रुपये का चेक दिया था। यह चेक बाउंस हो गया और संबंधित बैंक से मैसेज आया कि खाते में पर्याप्त बैलेंस नहीं है। इसकी जानकारी परिवादी महानिधि फाइनेंस ने आरोपियों को दिया। इसके बाद भी उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। न्यायिक दंडाधिकारी निधि शर्मा ने आरोपी सविता महिलांगे को छह माह की सजा और 3,10,000 रुपये दो माह के भीतर लौटाने का आदेश दिया है।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत, गोद से छिटककर दूर जा गिरी सात माह की बच्ची बाल-बाल बची

**रायपुर।** मंदिर हसौद इलाके में बुधवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से आरंग निवासी बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में सात माह की मासूम बच्ची मां की गोद से छिटककर दूर जा गिरी, जो पूरी तरह से सही-सलामत है। घटना के बाद बच्ची सड़क पर बैठी मां को आवाज लगाकर रो रही थी। वह इससे अनजान थी कि उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं रही, पिता का भी साया सिर से हट गया। बताया गया है कि बाइक सवार ने कान में ईयरफोन लगा रखा था। टक्कर मारकर फरार हुए ट्रक चालक को पुलिस ने तेलीबांधा क्षेत्र से पकड़ लिया है। वहीं मृतकों का शव पंचनामा कर पीएम के लिए भिजवा दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र यादव (30) निवासी टेकरी गांव मंदिर हसौद पत्नी मंजू यादव (28) और मासूम सात माह की बच्ची राधिका को लेकर आरंग से रायपुर आ रहा था। पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे राजेंद्र और मंजू गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट आई। मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सात माह की बच्ची मां के गोद में बैठी थी, जो दूर जा गिरी। घटना की सूचना राहगीरों ने तत्काल पुलिस को मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवा दिया। राजेंद्र यादव रेलवे विभाग में नौकरी करते थे।

### लगा हुआ था ईयरफोन

मृतक राजेंद्र कुमार यादव बाइक चला रहे थे। वह ईयरफोन लगा कर रखे थे। पुलिस ने आशंका जाहिर की है कि शायद ट्रक चालक ने हार्न दिया हो, लेकिन ईयरफोन की वजह से राजेंद्र को सुनाई नहीं दिया और तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए।

### बच्ची सड़क पर बैठी रो रही थी

सात माह की मासूम राधिका यादव टक्कर के बाद मां की गोद से उछलकर दूर जा गिरी थी। वह सड़क पर बैठी मां को आवाज लगा-लगाकर रो रही थी। वह इस बात से अनजान थी कि अब उसकी मां कभी लौट कर नहीं आएगी। मंदिर हसौद थाना प्रभारी वीरेंद्र चंद्रा ने बताया कि सूचना के बाद तत्काल टीम पहुंच गई थी। बच्ची को कहीं चोट तो नहीं आई, इसलिए अस्पताल जांच के लिए भेजा गया। डाक्टरों ने बच्ची को पूरी तरह से स्वस्थ बताया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
ई-निविदा संख्याः कॉम/सी/जी/आर/अफ डब्ल्यू पीएस/दुर्ग/22/01
कार्य का नामः दुर्ग रेलवे स्टेशन में चारपहिया पार्किंग की निविदा 3 वर्षों के लिए।
आरक्षित मूल्यः Rs. 33,56,700/- निविदा बंद होने की तिथि तथा समयः 16.06.2022, 11:00. वेबसाइटः www.ireps.gov.in.
सहायक वाणिज्य प्रबंधक
द.पू.म.रेलवे, रायपुर
पीआर/आर/वरि.मं.वा.प्र/एपी/31
South East Central Railway @secrail

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. -- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### पद्मनाभपुर जनसमस्या समाधान शिविर में ज्येष्ठ नागरिकों ने मांगा जेनेरिक मेडिकल स्टोर

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम आज पद्मनाभपुर विवेकानंद भवन में ज्येष्ठ नागरिक संघ ने विवेकानंद भवन क्षेत्र में धनवंतरी मेडिकल स्टोर शुरू किये जाने की मांग की मौके पर मौजुद महापौर धीरज बाकलीवाल ने जेनेरिक मेडिकल स्टोर खोले जाने हेतु अपनी सहमति जाहिर की और शासन स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन किया बाद में उन्होने प्रस्तावित मेडिकल स्टोर की जगह का निरीक्षण भी किया इस दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा, सभापति राजेश यादव, एल्डरमैन राजेश शर्मा एवं पार्षद श्रीमती कमला शर्मा एवं हेमा शर्मा, एमआईसी सदस्य दीपक साहू, हामिद खोखर, मनदीप भाटिया सहित अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे इसके पूर्व आज सुबह 10 बजे आयुक्त हरेश मंडावी शिविर में पहुंच कर प्राप्त आवेदनों का विभागवार निरीक्षण किया एवम सभी अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकृत करने का निर्देश दिया । आज दिनांक 01/06/2022 को वार्ड क्रमांक 45 एवं 46 में जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर में किया गया । जिसमें कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मांग के 24 आवेदन, 02 शिकायत समास्या के प्राप्त हुए । राशन कार्ड, पेंशन से संबंधित प्राप्त आवेदनों का ऑन स्पॉट निराकरण किया गया ।

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यार्थियों के लिए तैयार हो रहा है खेल मैदान

## मल्टी एक्टिविटी से निखारेंगे अपनी खेल प्रतिभा, पढ़ाई के साथ-साथ खेल की भी मिलेगी सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**-निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निरीक्षण कर 15 जून से पूर्व सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का निरीक्षण किया उन्होंने 15 जून के पूर्व तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण की तीव्रता के साथ ही गुणवत्ता का भी ध्यान रखें। उन्होंने पूरे कैंपस का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया।

इस दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सुनील दुबे एवं आलोक पसीने तथा उप अभियंता श्वेता महेश्वर मौजूद रहे। सेक्टर छह स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल में बैडमिंटन कोर्ट बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल ग्राउंड तैयार किया जा रहा है बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों का भी लाभ मिलेगा।

निगमायुक्त ने कहा कि सभी काम समानांतर करते हुए स्कूल खोलने के पूर्व निर्माण कार्य पूरा कर ले, जो कार्य बारिश पूर्वक किया जा सकता है वह आवश्यक रूप से कर लिया जाए बारिश के दिनों में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार से बाधा उत्पन्न न हो। नगर निगम भिलाई में 3 शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भवन रिनोवेशन, निर्माण, खेल सुविधा एवं अन्य आवश्यक कार्य निगमायुक्त प्रकाश सर्वे के निरंतर मानिटरिंग से युद्ध स्तर पर हो रहा है।

सेक्टर 6 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 80 लाख की लागत से छत का संधारण, तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, पेंटिंग कार्य, फ्रंट व्यू, प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था, वॉल आर्ट, लैंडफिलिंग एवं लेवलिंग, गार्डनिंग, लैंडस्कैपिंग एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। वही खमरिया में लगभग 60 लाख की लागत से बाउंड्री वाल, प्रवेश द्वार, पार्किंग स्थल एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने तीनों ही स्कूलों में निर्माणाधीन विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि टाइम डेडलाइन के अनुरूप कार्य को पूर्ण कराएं, जोन आयुक्त एवं संबंधित अभियंता इसकी मॉनिटरिंग नियमित रूप से स्वयं करें।

मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे जब भी फील्ड विजिट में निकलते हैं वह जरूर मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करते हैं। आज उन्होंने गौतम नगर समुदायिक भवन के पास में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। आयुक्त ने दवाइयों की जानकारी ली और किस प्रकार के मरीज ज्यादातर शिविर में आ रहे हैं इसके बारे में चिकित्सकों से पूछा, फार्मासिस्ट ने बताया कि दवाई पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

# ऑनलाइन टूल्स फॉर टीचिंग एंड लर्निंग विषय पर एक दिवसीय वेबिनार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एमओयू पार्टनर गवर्नमेंट डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर पीजी कॉलेज डोंगरगांवके सहयोग से सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई के पीजी डिपार्टमेंट ऑफ मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटर साइंस एंड इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल द्वारा 31 मई 2022 को ऑनलाइन टूल्स फॉर टीचिंग एंड लर्निंग विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। डॉ. सुजा वर्गीज विभागाध्यक्ष(गणित और कंप्यूटर विज्ञान विभाग) नेहिसग्रेसडॉ. जोसेफ मार डायोनिसियस,अध्यक्ष सेंट थॉमस मिशन,रेवरेंट फादर डॉ जोशी वर्गीस,प्रशासक सेंट थॉमस कॉलेज, डॉ. एम.जी. रोईमोनप्रिंसिपल सेंट थॉमस कॉलेज, डॉ देबजानी मुखर्जी आईक्यूएसी समन्वयक सेंट थॉमस कॉलेज, डॉ. श्रीमती बी.एन. मेश्राम प्राचार्य ,गवर्नमेंट डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर पीजी कॉलेज डोंगरगांव और इस वेबिनार के विशेषज्ञश्री एल.के.गावेल घनश्याम सिंह गुप्ता कॉलेज बालोदके सहायक प्रोफेसरएवंविभागाध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और दोनों कॉलेजों के प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ.एम.जी.रोईमोन ने शिक्षण और सीखने के दृष्टिकोण पर इस तरह के एक उन्नत विषय में वेबिनार आयोजित करने के लिए विभाग की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह सिंक्रोनस और एसिंक्रोनस लर्निंग टूल्स के एकीकरण के लिए एक शैक्षणिक दृष्टिकोण है और कामना करते है इस वेबिनार कि प्रतिभागियों को इसके साथ एक सूचनात्मक अनुभव होगा। डॉ. श्रीमती बी.एन.मेश्राम ने सभा का स्वागत किया और कहा कि यह विषय कोविड के दौरान प्रासंगिक था और इसका उपयोग विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में किया जाता है।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर के लिए शेड्यूल, निशुल्क चिकित्सा एवं दवाई का ले सकते हैं लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न वार्ड में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल युनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निगम क्षेत्र के नागरिकों से अपील किया है की शासन की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत वार्ड, गली, मोहल्ले में ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर नि:शुल्क स्वास्थ्य, जॉच एवं ईलाज तथा दवाई प्रदान कर रहे है इसका भरपूर लाभ उठाएं।

2 जून से 15 जून तक यहां लगेंगे शिविर 2 जून को सेक्टर 01 क्रिकेट मैदान पार्षद कार्यालय के पास, पुलिस विभाग आवास गृह सुपेला थाना क्षेत्र, 3 जून को वार्ड क्रं. 52 सेक्टर 03 सिवालय प्रांगण, वार्ड क्रं. 49 एकता नगर सुभाष नगर गणेश मंच, 5 जून को वार्ड क्रं. 59 सेक्टर 05 पूर्व मार्केट के पास, वार्ड क्रं. 46 गणेश मंदिर के पास मिलावट पारा, 6 जून वार्ड क्रं. 66 सेक्टर 07 पूर्व मार्केट के पास, वार्ड क्रं. 51 चंद्रमा चौंक शिवाजी नगर, 7 जून वार्ड क्रं. 57 सेक्टर 04 सर्वेश्वर धाम मंदिर के पास, वार्ड क्रं. 47 राधाकृष्ण मंदिर न्यू खुर्सीपार, 9 जून को पुलिस विभाग आवास गृह छावनी थाना क्षेत्र, वार्ड क्रं. 50 बाबा बालकनाथ मंदिर के पास शास्त्री नगर खुर्सीपार, 10 जून को वार्ड क्रं. 12 आमोद भवन के पास कान्ट्रेक्टर कालोनी, वार्ड क्रं. 39 एम.पी.आर रोड स्थित सिवालय प्रांगण आजाद नगर, 12 जून को वार्ड क्रं. 01 जुनवानी खम्हरिया बस्ती सुलभ के पास, 15 जून वार्ड क्रं. 27 कर्मा मंदिर के पास घॉसीदास नगर, वार्ड क्रं. 23 बाबा कालोनी में सुलभ के पास स्थित आंगन बाड़ी रविदास नगर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# निगम क्षेत्र में 40 से भी अधिक राशन कार्ड का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। निदान 40 शिविर स्थल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बने नाली और सिवरेज लाइन को देख आयुक्त आशीष देवांगन ने तत्काल ठीक करने निर्देश दिए। बुधवार को वार्ड क्रमांक 2, 3, व 4 के लिए शिविर लगाया गया था। शनिचरी बाजार से रूआबांधा स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच मार्ग को मरम्मत कराने स्थानीय लोगों ने मांग की।

इस समस्या को दूर करने सब इंजीनियर से बिना देरी किए स्थल निरीक्षण कराया गया। बाजार क्षेत्र के आस पास रहने वाले लोगों का कहना था कि मार्ग उबड़ खाबड़ है। आए दिन दुर्घटना होती है। मामूली मरम्मत से सड़क पूर्ण रूप से ठीक हो जाएगा। नगर पालिक निगम के आयुक्त ने मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। इसी तरह आयुक्त ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाली व सिवरेज लाइन को स्कूल खुलने से पहले संधारण करने कहा। शिविर में एमआईसी सद्स्य सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, छाया पार्षद राजेन्द्र रजक व अमनदीप सोढ़ी आदि उपस्थित थे। शिविर स्थल पर पार्षद टीकम साहू, सारिका साहू व ममता यादव ने क्रमश: बजरंग चैक से मामू गली तक, मछली मार्केट से होते शनिचरी बाजार तक और जैन मंदिर के निकट प्रमोद जैन शॉप से लेकर पुखराज निवास तक कुल 60 लाख से सीसी रोड बनाने की मांग की। जिसे प्राथमिकता से लेते हुए आयुक्त ने इस्टीमेट तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजने निर्देश दिए। निदान 40 शिविर में नागरिकों ने शनिचरी बाजार में और दशहरा मैदान रूआबांधा में हाई मास्क लगाने की मांग की। आयुक्त ने दोनो ही चिन्हित स्थानों का स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव बनाने निर्देश दिए।

मंगलवार को लगाए शिविर में कुल 255 लोगों ने समस्यामूलक आवेदन प्रस्तुत किए। जिसमें से 85 आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया। वही हितग्राही धनेश्वरी साहू, दिगेश्वरी रावते, शाधना राजपूत, उर्मिला बाई, भागेश्वरी साहू, रूपवती वर्मा, अजुंला साहू, एमकाम, अंजू देवी, धनेश्वरी बाई, संगीता यादव, रामेश्वरी बंजारे, रेखा राजपूत, गायत्री नेताम, भारती यादव, संतोषी साहू, दुलेश्वरी साहू, चम्पा सोनी, मोहनी यादव, बीना साहू, गायत्री यादव, आशा देवी यादव, एवं मीना देवी को राशन कार्ड वितरण किया गया।

2 जून को निदान 40 शिविर सेंटथॉमस कॉलेज रूआबांधा में लगाया जाएगा। शिविर में वार्ड क्रमांक 5 व 6 के नागरिक समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दे सकते है।

# ग्रीष्मकालीन समर कैंप में बच्चों को विटामिन के रूप में देवभोग दूध का किया गया वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर आज सुबह कैंप 2 कल्याण सेवा जनजागृति संगठन कार्यशाला में ग्रीष्मकालीन समर कैंप में शामिल होकर खेल रहे बच्चों को विटामिन के रूप में देवभोग सुप्रीम दूध का वितरण सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील के द्वारा किया गया ।

इस मौके पर उपस्थित बच्चों के बालों को को संबोधन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील ने बताया कि विश्व दुग्ध दिवस की शुरुआत साल 2001 में इस दिन को मनाने की शुरुआत हुई थी. इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र के विभाग खाद्य और कृषि संगठन द्वारा की गई थी जबकि भारत में 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया जाता है. क्योंकि इसी दिन साल 1921 में श्वेत क्रांति के जनक व भारत में दुग्ध उत्पादन के जनक कहे जाने वाले वर्गीज कुरियन का जन्म हुआ था ।

आज पूरी दुनिया में विश्व दूध दिवस मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य के लिए दूध कितना महत्व रखता है और ये हमारी डाइट का कितना जरूरी हिस्सा है, इस बात को समझाने और दूध को डाइट में शामिल करने के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस दिन को मनाया जाता है परंतु जहां तक दूध का सवाल है तो भिलाई दुर्ग जिले में कहीं ना कहीं मिलावठी दूध की भरमार है बच्चों के विकास और अच्छी सेहत के लिए दूध का सेवन कराया जाता है, लेकिन बाजार में मिलने वाला दूध किसी भी प्रकार से बच्चों और बड़ों की सेहत के लिए माकूल है कि नही उसके लिए विभिन्न स्थानों पर बिक रहे दूध का खाद्य विभाग द्वारा कई वर्षों से सैंपल लेकर कोई जांच नहीं किया जा रहा है तथा सूचना के अधिकार के तहत जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बिक रहे बाहरी प्रांत से आने वाली दूध सप्लाई कंपनियों की जानकारी प्रशासन को नहीं है जो चिंता का विषय है । विभिन्न राज्यों में दूध में मिलावट के आए दिन खुलासे होते आ रहे हैं। लैब रिपोर्ट में चौंकाने वाली जांच रिपोर्ट में नामचीन मिल्क प्लांट के दूध पाउडर में डिटरजेंट पाया गया है तो इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूध में किस कदर मिलावट हो रही है जो सेहत के लिए कितना खतरनाक है पर इसके बावजूद छत्तीसगढ़ राज्य में दूध जैसे महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ पर शासन प्रशासन गंभीर नहीं है । इस मौके पर राधेश्याम गोविंद माझी, सुप्रभात, राजू गुप्ता, डी राजू सहित अनेकों मौजूद थे ।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने भी राहत की ली सांस, आसपास की चोक सीवरेज लाइन भी खुली

# चोक सिवरेज लाइन को सक्शन कम जेटिंग मशीन ने आधे घंटे में कर दिया क्लियर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के सीवरेज लाइन सफाई में सक्शन कम जेटिंग मशीन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, आज नेहरू नगर चौक के पास सीवरेज लाइन जाम होने की सूचना पर मशीन इसे क्लियर करने पहुंची थी, महज आधे घंटे के भीतर सीवरेज लाइन को क्लियर कर दिया गया तथा सफाई के चलते आसपास के सीवरेज लाइन भी क्लियर हो गए, स्वास्थ्य कर्मियों ने भी इसके चलते राहत की सांस ली है।

अन्यथा मैनुअली कार्य करने में काफी दिक्कतों का सामना स्वास्थ्य कर्मियों को करना पड़ता था और समय भी अधिक लगता था। मेन पावर से मल, जल को निकालना आसान कार्य नहीं है, स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सक्शन कम जेटिंग मशीन काफी उपयोगी साबित हो रही है इसके आने से मिनटों में कार्य हो जा रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था देखने आयुक्त प्रकाश सर्वे सुबह प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम एवं विद्या विहार कॉलोनी पहुंचे वहां उन्होंने छोटे-छोटे नालियों को बारिश पूर्व अच्छी तरीके से सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़े नालों के साथ ही छोटे-छोटे नालियों को भी ध्यान देकर इन्हें सफाई करना आवश्यक है, छोटी नालियों की कनेक्टिविटी बड़े नालों में जाकर मिलती है इसलिए ऐसी नालियों की सघन सफाई करें। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने बारिश पूर्व नालों की सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। आयुक्त ने नेहरू नगर पहुंचकर चौक-चौराहों की सफाई व्यवस्था देखी। शहर की सुंदरता प्रमुख चौक-चौराहों से ही प्रतीत हो जाती है, उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों पर विशेष ध्यान देकर इनके आसपास की सफाई नियमित रूप से होती रहे। उन्होंने सक्शन कम जेटिंग मशीन की कार्यप्रणाली देखी। नगर पालिक निगम भिलाई में हाईटेक सक्शन यूनिट मौजूद है जो कि अलग-अलग प्रयोजनों के लिए काम में लाया जाता है। पहले की सक्शन यूनिट की मशीनें केवल शौचालय की टंकी को साफ करने के कार्य में आता था परंतु मल्टीपर्पज सक्शन कम जेटिंग मशीन के आने से यह सक्शन यूनिट शौचालय की टंकी को साफ करने के अलावा कहीं पर फसे हुए कचरे को भी प्रेशर के साथ हटाने का काम करती है। इसमें पानी भी स्टोर किया जा सकता है जिससे पानी प्रेशर के साथ देने से कचरा हट जाता है। निगम आयुक्त श्री सर्वे प्रतिदिन मॉर्निंग विजिट करते हैं और सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था का जायजा वार्ड क्षेत्रों में जाकर लेते हैं। इस दौरान वे रहवासी क्षेत्र के लोगों से समस्याओं को लेकर निश्चित तौर पर बात करते हैं और इस अनुसार से समाधान करने का प्रयत्न करते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950